आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 6, अंक 203, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

मुंबई। टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।



हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

## 200 से ज्यादा मौतें

**विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय** | **अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171** | **टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान**

अहमदाबाद, एजेंसी

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।


उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।


अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं

- वित्त मंत्रालय ने कहा इस तरह के दावे निराधार एवं भ्रामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

**चंडीगढ़।** पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

- अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।

## एक नजर

### बांग्लादेशी होने के शक में दंपती को क्लीन चिट

माधोटांडा, अमृत विचार : बांग्लादेशी होने के शक में पुलिस ने क्षेत्र से एक दंपती को हिरासत में लिया। कई घंटे चली जांच के बाद दोनों को क्लीन चिट देकर छोड़ दिया है। बता दें कि पुलिस को क्षेत्र के गांव सेलहा में बांग्लादेशियों के अवैध तरीके से रहने की जानकारी मिल रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच की। बुधवार रात सेलहा गांव से एक दंपती को हिरासत में लिया गया। नके अभिलेख आदि में चेक किए गए। इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल ने बताया कि बांग्लादेशी होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला।

### गोवंश से टकराया बाइक सवार, घायल

बरखेड़ा, अमृत विचार : बीसलपुर मार्ग पर गोवंश से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया। गांव पतरासा कुंवरपुर के निवासी सुरेश कुमार नोवल शुगर लिमिटेड से बुधवार शाम ड्यूटी करके बाइक से घर जा रहे थे। कस्बे के नजदीक गोवंश से उनकी बाइक टकरा गई। जिसमें वह घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इस हादसे में गोवंश की मौत हो गई। गोवंश के शव को नगर पंचायत की टीम ने दफन कराया।

# सीएसआर फंड से मंगाई जाएगी एचपीवी वैक्सीन


## सर्वाइकल कैंसर से मिलेगी निजात, सीएमओ की ओर से वैक्सीन बनाने वाली कंपनी को भेजा पत्र

- 1200 रुपये में मिलेगी वैक्सीन की एक डोज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अब सर्वाइकल कैंसर बीमारी से बचाव के लिए सीएसआर फंड से एचपीवी वैक्सीन की खरीद कर किशोरियों का निःशुल्क टीकाकरण कराया जाएगा। सीएमओ कार्यालय ने इसके लिए वैक्सीन बनाने वाली एक सीरम इंस्टीट्यूट को पत्र लिखा है। कंपनी की ओर से कम दाम पर एक हजार डोज देने की हामी भी भर दी गई है। शुरुआत में यह वैक्सीन बा स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को लगाई जाएगी। जनपद में इसकी शुरुआत थारू जनजाति की पांच बालिकाओं को टीका लगाकर की जा चुकी है।


सीएमओ कार्यालय का भवन। ● अमृत विचार



एचपीवी वक्सीन।

> राज्यपाल के आदेश पर एचपीवी लगाने के कार्यक्रम की प्रगति बढ़ाई जा रही है। वैक्सीन महंगी होने के चलते बैंक से सहयोग मांगा गया है। जल्द ही एक हजार बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा।
> – डॉ. आलोक कुमार शर्मा, सीएमओ

बता दें कि केंद्र सरकार ने सर्वाइकल कैंसर को लेकर बजट जारी किया था। स्वास्थ्य विभाग को बालिकाओं को वैक्सीन लगाने के आदेश दिए गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर बच्चेदानी के करीब होने वाला घातक कैंसर है। समय से टीकाकरण होने पर इससे बचा जा सकता है। बीते दिनों चार जून को जिले के दौरे पर आईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम में थारू जनजाति की पांच बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई थी।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को नौ से 14 वर्षीय बालिकाओं का टीकाकरण करवाने का निर्देश दिया था। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरु कर दी, लेकिन सर्वाइकल की वैक्सीन काफी महंगी है। बाजार में इस वैक्सीन की कीमत अधिकतम दस हजार रुपये तक है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएसआर फंड के माध्यम से

- बीते दिनों थारू जनजाति की पांच बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर कराई थी शुरुआत

वैक्सीन की उपलब्धता करने की व्यवस्था कराई जा रही है। इसको लेकर एसबीआई बैंक से वार्ता की गई है। जिस पर एसबीआई ने सहयोग करने का आश्वासन दे दिया है।

कंपनी की ओर से 1200 रुपये में एक डोज उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक हजार डोज की डिमांड भेजी गई है। वैक्सीन आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पहले चरण में परिषदीय और गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शामिल हैं। यह वैक्सीन छह माह के अंतराल में दो बार लगाई जाएगी। यह वैक्सीन 9 से 17 वर्ष की आयु वाले बच्चों को दो खुराक दी जाएगी, जबकि 15 वर्ष से अधिक आयु वाले बच्चों के लिए तीन डोज लगाई जाएगी, जो पांच एमएल तक लगाई जाएगी।

### स्कूल में पहुंचेगी टीम, लगाएगी वैक्सीन की डोज

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएसआर फंड से वैक्सीन खरीदी जा रही है। पहले चरण में सर्वाइकल कैंसर की डोज एक हजार बालिकाओं को लगाई जाएगी। यह डोज परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को लगाई जाएगी। इसको लेकर बीएसए से डेटा मांगा जा रहा है। टीमें स्कूलों में ही पहुंचकर यह डोज लगाएंगी, ताकि उन्हें इस बीमारी से बचाया जा सके। इसको लेकर जागरुकता कैंप भी लगाए जाएंगे।

### इन बीमारियों से होगा बचाव

- बच्चेदानी के मुख का कैंसर
- योनि कैंसर
- वुल्वा कैंसर
- गुदा कैंसर
- मुंह का कैंसर
- जननांग मस्से

# बच्चों को दी गई सामान्य ज्ञान और गणित की जानकारी


टाहपौटा जूनियर हाईस्कूल में पढ़ते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मरौरी ब्लॉक के टाहपौटा जूनियर हाईस्कूल में समर कैंप खत्म होने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को कमजोर बच्चों को गणित, सामाजिक, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान की जानकारी दी गई।

सुबह पहले बच्चे स्कूल पहुंचे और कॉल कर प्रधानाध्यापक अजय कुमार को स्कूल पहुंचने की जानकारी दी। इस पर प्रधानाध्यापक भी स्कूल आ गए। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी जानकारी साझा की गई।

दीपक, अमित, प्रियंका, राखी, शशि, अखिलेश, हेमंत, विक्की वर्मा, विशाल, बंटी ,शैलेंद्र, सोनम, लक्ष्मी अपने मोहल्ले के बच्चों के साथ पाठ्य पुस्तकें लेकर पहुंचे थे। गर्मी में बच्चों को दिक्कत न हो उनके लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई। प्रश्नोत्तरी तैयार करके दी गई, जिसे बच्चों ने हल किया।

# 15 दिन में नहीं हुआ समाधान तो आंदोलन करेगी भीम आर्मी



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चार बिंदुओं पर डीएम कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन

**अमृत विचारः** भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें चार मांगों को प्रमुखता से रखा गया। पंद्रह दिन में कोई निर्णय न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में बताया कि बीसलपुर के ईदगाह चौराहा पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इस पर अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है। ईदगाह चौराहा पर राष्ट्रीय ध्वज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लगवाने की मांग की। ग्राम सड़किया में प्रमुख सड़क का निर्माण पिछली पंचवर्षीय योजना से लटका हुआ है। इसका निर्माण पूरा कराने की मांग की गई। ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की समस्या रखी। इसके अलावा पंडरी मरौरी गांव में विकास कार्य के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय, निशेष सिंह आदि थे।

# ट्रैक्टर से कुचलकर बालक की मौत

**बीसलपुर, अमृत विचारः** खेत पर सिंचाई कर रहे पिता के पास जा रहे ग्यारह वर्षीय बालक को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खांडेपुर के रहने वाले राजेश कुमार गंगवार गुरुवार को खेत पर सिंचाई कर रहे थे। घर पर मौजूद उसका 11 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष दोपहर करीब डेढ़ बजे खेत की तरफ जाने के लिए निकला। वह पैदल जा रहा था कि गांव का ही एक व्यक्ति लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर लाया और बालक को कुचल दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया। परिवार वाले जिंदा होने की आस में सीएचसी ले गए, लेकिन वहां चिकित्सक ने उत्कर्ष को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# ओवरब्रिज निर्माण में लापरवाही का आरोप लगा भड़की भाकियू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने असम चौराहे पर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया। इससे हुई दुघर्टना के विरोध में कार्यदायी संस्था के डिपो पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सौंपे गए ज्ञापन में तत्काल सर्विस लेन बनाने एवं पहली जून को गर्डर से हुए सड़क हादसे के मामले में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर पैर गंवाने वाले ट्रक चालक को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई। भाकियू पदाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के बीच वार्ता हुए। वार्ता के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए तीन दिन की मोहलत मांगे जाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ता गुरुवार को जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा की अगुवाई में मंडी समिति स्थित कृषक विश्राम गृह में एकत्र हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश यशपाल सिंह और जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह के नेतृत्व में वाहनों पर सवार होकर असम चौराहे पर बन रहे ओवर ब्रिज के डिपो पर पहुंचे।


इंस्पेक्टर सुनगढ़ी को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


पुलिस की मौजूदगी में वार्ता करते कार्यदायी संस्था के अधिकारी व भाकियू पदाधिकारी।

- कार्यदायी संस्था के डिपो पर पहुंचकर किया धरना-प्रदर्शन
- तीन दिन की मोहलत मांगे जाने के बाद धरना-प्रदर्शन किया स्थगित

यहां पहुंचे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ओवरब्रिज निर्माण में बरती जा रही लापरवाही और इससे हो रहे हादसों के विरोध में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं एवं उनके अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। जिसके चलते आए दिन यहां वाहन चालकों के साथ दुघर्टनाएं हो रही हैं।

कहा कि पहली जून को गर्डर से लोड कार्यदायी संस्था का एक ट्रक बीच हाईवे पर खड़ा कर दिया गया। सीतापुर से आ रहा एक ट्रक उससे टकरा गया, जिसमें ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में की आज तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही कार्यदायी संस्था की ओर से चालक को कोई आर्थिक सहायता दी गई।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि तत्काल दोनों तरफ सर्विस लेन बनवाए जाएं, ताकि दुघर्टनाएं न हों। यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पंचायत के बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन पांडेय को सौंपा गया। इस दौरान पुलिस की मौजदूगी में भाकियू पदाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के बीच वार्ता हुई। वार्ता के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए तीन दिन की मोहलत मांगी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरना प्रदर्शन में वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिंह, दिलशाद राजा, नील कमल, इजहार, सोनू शाह, प्रभात रंजन, नेमचंद वर्मा, अमित गंगवार, माखनलाल भारती, अरुण गंगवार, डीके राजपूत, रिंकू शर्मा, सक्षम गंगवार, इरफान शाह, परवेज अंसारी आदि शामिल रहे।

# दुरुस्त नहीं कराई लीक हुई पाइपलाइन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** पाइप लाइन डालते समय क्षतिग्रस्त हुई नगरपालिका की पाइपलाइन का सुधार नहीं कराया गया। कई दिन बाद भी इसे लेकर सुध नहीं ली गई है। नतीजतन पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। इससे दुकानादारों और राहगीरों को परेशानी हो रही है।

बता दें कि सप्ताह भर पहले कस्बे की मेन मार्केट में जल जीवन मिशन की ओर से पाइप लाइन डालने के लिए पहले नाली खोदी गई थी। मेन मार्केट होने की वजह से इस मार्ग पर भीड़ रहती है। खोदाई के दौरान सड़क के नीचे बिछी नगरपालिका की जलापूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी।


लीकेज पाइप से खराब हुई सड़क।

इससे लाइन से पानी का रिसाव होने लगा। जल जीवन मिशन की ओर से अपनी पाइप लाइन डालकर नाली बंद कर दी गई, लेकिन नगरपालिका क्षतिग्रस्त लाइन दुरुस्त नही की गई। इससे पिछले कई दिनों से मेन मार्केट की व्यस्ततम सड़क पर पानी बह रहा है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। व्यापार भी प्रभावित है। बिन बरसात के सड़क पर कीचड़ बनी है। दुकान के सामने सड़क की दुर्दशा होने से व्यापारियों में नाराजगी है। सूचना मिलने के बाद भी नगरपालिका की ओर से भी लीकेज पाइप लाइन सही नहीं कराई गई। इसका सुधार कराने की मांग की है।

# भाई संग लौट रही किशोरी से छेड़छाड़

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली में दी तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री अपने भाई के साथ 4 जून को शादी समारोह की दावत में गई थी। रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से घर आ रहे थे। इस बीच मोहल्ला दुबे में आरिफ चक्की के सामने पहुंचते ही मोहल्ले के ही विक्रम ने उन्हें रोका और बेटी से छेड़छाड़ की। बेटे ने विरोध किया तो उससे अभद्रता की गई। आरोप है कि कोचिंग पढ़ने जाते वक्त भी आरोपी विक्रम, उसका भाई रामबाबू पीछा कर छेड़छाड़ करते हैं। जब इसकी शिकायत की तो आरोपी के पिता श्याम स्वरूप ने झगड़ा कर धमकाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# तेरहवीं के दिन खतौनी पहुंचाने की पहल को सराहा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राज्यमंत्री के प्रतिनिधि संग पहुंचा प्रतिनिधि मंडल, श्रीराम दरबार किया भेंट

**अमृत विचारः** अपनों के निधन के बाद खैतौनी के लिए भटकने वाले ग्रामीणों को राहत देने के लिए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से की गई पहल रंग लाती दिख रही है। इसे लेकर मातहतों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इसकी निगरानी भी कराई जा रही है, ताकि कोई लापरवाही न बरती जा सके।

इसी क्रम में राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के साथ पहुंचे तमाम किसानों ने इस मुहिम की सराहना की। डीएम से मुलाकात कर इसके लिए आभार भी जताया। बता दें कि अभी तक अपनों की मौत के बाद खतौनी में वारिसों के नाम अंकित कराने और फिर उसे पाने के लिए ग्रामीणों को चक्कर लगाना पड़ते थे।


डीएम को श्रीराम दरबार भेंट करते राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व अन्य किसान। ● अमृत विचार

इसके बाद भी काम कम समय में हो जाएगा, ये कहना मुश्किल रहता था। बीते दिनों डीएम ने इसे लेकर एक अभियान शुरू कराया है। इसमें ये निर्देश दिए गए हैं कि किसी व्यक्ति के निधन के बाद अगर वारिशों को लेकर कहीं कोई विवाद नहीं है तो मृतक की तेरहवीं तक उसके वारिसान के नाम खतौनी में अंतरण कर परिवार को तेरहवीं वाले दिन नई खतौनी घर जाकर दी जाए। इसे लेकर कुछ ग्रामीणों को खतौनियां दी भी जा चुकी हैं। किसानों ने भी इस पहल को सराहा है।

इसे मानवीय संवदेना से जोड़कर बताया। गुरुवार को पूरनपुर, अमरिया, मझोला, न्यूरिया क्षेत्र के किसानों, ग्राम प्रधानों ने डीएम से मुलाकात की। उनके इस अभियान को सराहा। श्रीराम दरबार भेंट कर आभार जताया है। इस दौरान क्षेत्र की कई समस्याएं भी रखी गई।

# पति समेत चार ससुरालियों पर दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर विवाहिता को छत से फेंकने आसैर फंदा लगाकर जान लेने की कोशिश का आरोप लगा है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रुद्रपुर की रहने वाली शालिनी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 15 माह पहले इसी क्षेत्र के गांव अमरैया कलां निवासी नरेश सिंह से हुई थी। आरोप है कि शादी के एक महीने बाद ही सास, ससुर सोने की चेन, कार और तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर ससुर ने दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। 2 अगस्त 2024 को सास ने छत से धक्का दे दिया। छत से गिरने के बाद उसके दोनों पैर में फ्रैक्चर हो गया। मायके वालों ने उसका इलाज कराया। इसके बाद समझौता हुआ और फिर अपने ससुराल चली आई। 18 मई की रात में आरोप है कि ससुराल वालों ने कम दहेज का ताना देकर मारपीट की। फंदे से लटकाकर मारने की कोशिश की गई। पुलिस ने पति नरेश सिंह, सास रूपवती, ससुर रूप सिंह और देवर सौरभ सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एक अन्य विवाहिता ने भी लिखाई रिपोर्ट

पूरनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला रजागंज देहात की रहने वाली निशा बी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ससुराल वाले दहेज में बुलेट और एक लाख रुपए की मांग कर रहे है। दहेज न देने पर ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद आबिद, खातून बेग, सलमा, चमन और गुड़िया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कार्यक्रम | 100 पैरावेट व वैक्सीनेटरों के माध्यम से 31 अगस्त तक किया जाएगा टीकाकरण

# गलाघोंटू से बचाव को शुरू हुआ टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गलाघोंटू बीमारी से पशुओं को बचाव के लिए जनपद भर में अभियान शुरू कर दिया गया है। टीकाकरण को लेकर 228500 वैक्सीन की खेप जिले में पहुंच चुकी है। पैरावेट और वैक्सीनेटरों के माध्यम से टीकाकरण कार्य भी शुरू कराया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, अभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा।

पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में 85 हजार से अधिक दुधारू पशु हैं। इसके अलावा शहर में 150 से अधिक डेयरियां पंजीकृत हैं। मानसूनी सीजन नजदीक आते ही पशुओं में गलाघोंटू बीमारी का प्रकोप बढ़ जाता है। पशु चिकित्सकों के मुताबिक, गलाघोंटू बीमारी गाय और भैंस दोनों में होती है। यह बीमारी पास्चुरेला मल्टोसीडा जीवाणु से होती है। गलाघोंटू के लक्षण के साथ ही समय से इलाज न शुरू होने पर एक-दो दिन में पशु की मौत भी हो जाती है। शुरुआत तेज बुखार (105-107 डिग्री) से होती है। पीड़ित पशु के मुंह से ढेर सारा लार निकलता है। गर्दन में सूजन के कारण सांस लेने के दौरान घर्र-घर्र की आवाज आती है। संक्रमित पशुओं में दूध की कमी भी हो जाती है।



इधर, शासन के निर्देश पर पशु पालन विभाग द्वारा गलाघोंटू रोग से बचाव को जनपद भर में अभियान शुरू किया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, अभियान के तहत जनपद भर में 304532 पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।

> जनपद में 3 .45 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। अब तक 228500 वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। जिसे सभी पशु चिकित्सालयों में भिजवाया जा चुका है। स्टाफ की कमी के चलते पैरावेट और वैक्सीनेटरों के माध्यम से टीकाकरण शुरू कराया जा चुका है। अब तक 79366 पशुओं का टीकाकरण कराया जा चुका है।
> –डॉ. पीके त्यागी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

- 3.45 पशुओं का होना है टीकाकरण, 2.28 लाख वैक्सीन की खेप पहुंची

इसको लेकर 228500 वैक्सीन की खेप भी विभाग को प्राप्त हो चुकी है। इस वैक्सीन को जिले के सभी 16 पशु चिकित्सालयों में भिजवाया जा चुका है। पशुओं के टीकाकरण की जिम्मेदारी पैरावेट और वैक्सीनेटरों को दी गई है। विभाग के मुताबिक करीब 100 पैरावेट और वैक्सीनेटरों के माध्यम से गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण शुरू भी करा दिया गया है। टीकाकरण अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।

### बचाव के उपाय

- बीमार पशु को अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग रखें।
- संक्रमित पशु के आस-पास चूने का छिड़काव करें।
- पशुशाला को स्वच्छ रखने के साथ पशु को गीले व नम मौसम से बचाएं।
- रोग की आशंका होने पर तत्काल पशु चिकित्सक से संपर्क करें।

# महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, रखी मांग



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवेश कुमार को ज्ञापन सौंपती कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिला महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

इसमें कहा कि प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ क्रूरतापूर्वक उत्पीड़न हो रहा है। यौन शोषण की घटनाएं हो रही हे। हाल ही में गाजियाबाद एक महिला को काटकर बॉक्स में बंद करके तालाब किनारे फेंक दिया गया, जिसकी शिनाख्त पुलिस अभी तक नहीं कर सकी है। सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर पुष्पा गंगवार, सरिता चौहान, प्रभा देवी, सीमा देवी, नफीस बेगम, छाया वर्मा, सरिता वर्मा, साक्षी आदि मौजूद रहीं।





# लू का प्रकोप और बिजली कटौती की मार, तराईवासी बेहाल

## फाल्ट के नाम पर दिन ही नहीं रात में भी बिजली गुल, लो वोल्टेज कर रही परेशान, गुरुवार को भी कहीं गिरे पेड़ तो ट्रांसफार्मर हुए खराब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** इन दिनों लू का प्रकोप तराई वासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। घरों से निकलना दूभर हो रहा है। हालांकि आगामी दो दिन कोई राहत ना मिलने के आसार विशेषज्ञों द्वारा जताए गए हैं। भीषण गर्मी के बीच दिन-रात हो रही अघोषित बिजली कटौती ने समस्या और बढ़ा दी है। दिनभर परेशान होने के बाद रात को लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही। ऊपर से जब सप्लाई चालू की जा रही है तो लो वोल्टेज की समस्या आम हो गई है। गुरुवार को बिजली व्यवस्था लड़खड़ाई रही। टीमें सूचनाओं पर दौड़ती रही और उपभोक्ता बेहाल होते रहे।

पिछले कुछ दिनों से जनपद में गर्मी प्रचंड गर्मी पड़ रही है। लू का कहर दिन में घरों से निकलने नहीं दे रहा है। कामकाज के लिए लोग निकल रहे हैं, तो कोई कपड़े से बचाव करता दिख रहा है तो कोई छाता लेकर। इसके अलावा शीतल पेय के सहारे लोग राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ लू की मार और दूसरी तरफ जर्जर संसाधनों के चलते बिजली सप्लाई लड़खड़ाई हुई है। तमाम दावो के बावजूद इसका कोई सुधार नहीं हो सका है। बीते साल तो रिवैम्पड योजना के कार्य की शुरुआत कराई गई तो उपलब्धि बताते हुए ये दावे कर दिए गए थे कि गर्मी में अब बिजली किल्लत की समस्या नहीं आएगी, मगर न तो ये काम पूरा हो सका, न ही दिक्कत दूर हुई। बल्कि पिछले साल से अधिक बिजली रूला रही है।


नकटादाना चौराहा के पास ट्रांसफार्मर में सुधार करती टीम। ● अमृत विचार


मोहल्ला तुलाराम में पेड़ गिरने से टूटे बिजली के तार और झुका पोल। ● अमृत विचार

बीते 15 दिन से तो घरेलू और व्यावसायिक जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। बुधवार रात को बिजली देर रात तक आंखमिचौली करती रही। लोग गर्मी में परेशान हुए। खासकर बच्चे और बुजुर्ग नींद पूरी न होने से परेशान रहे। लो वोल्टेज की शिकायतें भी आ रही हैं। रात 10 बजे के बाद अग्रवाल सभा के पास एक फेस बंद रहा। केजीएन कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों में भी बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर में खराबी आने के चलते सप्लाई बाधित हुई थी। इसका सुधार हो नहीं सका था कि 12 बजे के आसपास मोहल्ला जोशीटोला की बिजली चली गई। नई बस्ती चौराहा के पास भी फाल्ट के चलते सप्लाई ठप रही। मोहल्ला काला मंदिर के पास भी एक फेस बंद रहा। सुबह 4 बजे तक लोग पावर कॉरपोरेशन के बनाए व्हाट्सएप ग्रुप पर उपभोक्ता बिजली सप्लाई से जुड़ी जानकारी करने की कोशिश करते रहे, लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने कोई सुध नहीं ली। जवाब देने तक की जहमत नहीं उठाई गई। इसके बाद गुरुवार सुबह 5 बजे के आसपास सप्लाई चालू हुई, लेकिन उसके बाद दोबारा गुल होने में देर नहीं लगी। इसके बाद सुबह साढ़े 9 बजे होली चौराहा, गंगा मंदिर के आसपास के सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। केजीएन कॉलोनी की समस्या दोबारा गहराई तो टीम ट्रांसफार्मर का सुधार करने के लिए भेजी गई। इसका सुधार दोपहर डेढ़ बजे हो सका।

> गर्मी के बीच लोड बढ़ने से कुछ जगह दिक्कत आ रही है। इसी के चलते फाल्ट हो रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम भेजकर सुधार कराया जा रहा है। गुरुवार को मोहल्ला तुलाराम में पेड़ गिरने से तार क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसका भी सुधार कराने के लिए टीम भेज दी गई थी। बेहतर सप्लाई देने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।
>
> – **जहांगीर आलम**, अवर अभियंता, पावर कॉरपोरेशन

इसके बाद कुछ राहत हुई थी कि मोहल्ला तुलाराम में एक मोबाइल दुकान के पास पेड़ गिर गया, जिससे तार टूटकर सड़क पर ही गिर गए। बिजली का पोल भी तिरछा हो गया। इसके बाद राहगीर घबरा गए। मार्ग पर आवागमन भी रोक दिया गया। इसकी सूचना देकर सप्लाई बंद कराई गई, जिसके बाद पावर कॉरपोरेशन की टीम पहुंची और सुधार कार्य में जुट गई। इसके कुछ समय बाद दोपहर साढ़े 3 बजे कचरी में अधिवक्ता चैबर के पास की फाल्ट के चलते बत्ती गुल हो गई। बल्लभनगर कॉलोनी की सप्लाई भी बाधित हो गई। पुलिस लाइन फीडर की सप्लाई भी तीन घंटे बाधित रही। इसके अलावा अशोक कॉलोनी, आसफजान, साहूकारा, निरंजनकुज, एकता नगर, लाल रोड समेत कई इलाकों में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की दिक्कत बनी रही।


होली चौराहा के पास फाल्ट ठीक करता पावर कारपोरेशन कर्मचारी।

### विशेषज्ञ बोले: आज और बढ़ेगी लू, 14 से बदलेगा मौसम

बिजली कटौती की समस्या भले अभी कम होती नहीं दिख रही है। मगर, गर्मी से परेशान लोगों को एक दिन बाद यानी 14 जून से कुछ राहत मिल सकती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका ने बताया कि इन दिनों पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। तेरह जून को और लू का प्रकोप बढ़ा रहेगा। इसके बाद चौदह व पंद्रह जून को मौसम में बदलाव की उम्मीद है।

### लोग बोले: बंच केबल डालने के बाद और गहराई दिक्कत

शहर के वार्ड नंबर 26 के मोहल्ला साहूकारा, आसफजान, डोरीलाल समेत आसपास के इलाकों में बीते दिनों बंच केबल डाली गई थी। हालांकि बीच-बीच में कई गलियों को इससे अछुता कर दिया गया है। यहां के लोगों का कहना है कि बंच केबल डलने के बाद से लो वोल्टेज की दिक्कत बढ़ गई है। इसे तारों की क्वालिटी को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

## पत्नी से विवाद के बाद फार्मर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पूरनपुर,अमृत विचार:** पत्नी से विवाद के बाद एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गढ़वाखेड़ा निवासी जसवीर सिंह ने बताया कि उनके पुत्र बलजिंदर सिंह उर्फ काला का आए दिन पत्नी से विवाद होता था।

आरोप है कि 29 मई को विवाद के बाद बलजिंदर की पत्नी ने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया और बलजिंदर की पिटाई कर दी। 11 जून को बलजिंदर की बहनें घर आईं थीं। इस दौरान बलजिंदर के साथ ही उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदार कोल्डड्रिंक पी रहे थे। बलजिंदर ने अपनी पत्नी के बारे में जब अपनी बहनों को बताया तो आरोप है कि इस पर नाराज होकर पत्नी ने बलजिंदर पर कोल्डड्रिंक से भरा गिलास फेंक दिया। इसी के बाद अचानक बलजिंदर की बुधवार को हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पिता ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। गढ़वाखेड़ा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद के बाद दोनों ओर से तहरीर मिली थी। फिर बलजिंदर के जहर खाने से मौत होने की जानकारी लगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### शहर में आज

- विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभाकक्ष में शोकसभा सुबह 11 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी, आर्य समाज मंदिर में योग शिविर सुबह 5 :30 बजे
- बिलसंडा के गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत मैच दोपहर 2 बजे।

## मांग पूरी न होने पर विवाहिता को निकला

**गजरौला, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र ग्राम शिवनगर निवासी सुभाष चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन आशा देवी की शादी बरेली थाना कुलड़िया ग्राम भाऊआ निवासी संजीव कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल वालों ने दहेज में दो लाख रुपये की मांग करनी शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बहन को घर से निकाल दिया।

# कोरम पूरा न होने की वजह से स्थगित हुई बैठक, अब 1 जुलाई को होगी

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** छह माह से रिक्त चल रही राशन कोटे की दुकान का गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आवंटन करने के लिए खुली बैठक कराई गई। पूर्ति निरीक्षक हिमांशु चौधरी, पंचायत सचिव अवनीश कुमार, प्रधान सीमा पासवान, उनके पति सुनील पासवान समेत अन्य नागरिक मौजूद रहे। मगर, कोरम पूरा न होने की वजह से बैठक स्थगित कर दी गई। अब 1 जुलाई को दोबारा मीटिंग का होगी।

बता दें कि घुंघचिहाई कस्बे में में दो राशन कोटेदार हैं, जिसमें उदरहा के कोटेदार सर्वेश और उनके अन्य परिजनों द्वारा गांव के ही 55 वर्षीय फूलचंद की नौ नवंबर 2024 को धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई थी। आरोपी कोटेदार समेत पांच लोगों को जेल भेजा गया था। कुछ समय बाद पूर्व कोटेदार सर्वेश पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एक अन्य मुकदमा भी दर्ज हुआ। पूर्व कोटेदार को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद से यह राशन कोटे की दुकान घुंघचिहाई कोटेदार राजेश को अटैच कर दी गई थी, लेकिन कुछ दिन पहले संबंधित अधिकारियों द्वारा इसका फिर से आवंटन शुरू करने की बात की गई। जिसमें पूर्व कोटेदार सर्वेश, रामकिशन और जगन्नाथ तीन लोगों द्वारा राशन कोटा चयन में भाग लिया गया। कोरम पूरा न होने की वजह से मीटिंग को स्थगित कर दिया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि पात्र गृहस्थी और कुल अंत्योदय कार्डधारक 1165 हैं। मौके पर 770 कार्ड धारक मौजूद हुए। अब 1 जुलाई को बैठक होगी। वहीं बताते हैं कि इस दौरान कुछ नाबालिग भी शामिल हो गए थे। इसका पता चलते ही उन्हें भी बाहर कर दिया गया था।


घुंघचिहाई में बुलाई गई खुली बैठक में मौजूद पूर्ति निरीक्षक, सचिव व अन्य। ● अमृत विचार

● **छह माह से रिक्त चल रही है राशन कोटे की दुकान**

## पूरनपुर के युवक का खटीमा रेलवे स्टेशन पर मिला शव

**पूरनपुर,अमृत विचार:** कस्बे के एक युवक का खटीमा रेलवे स्टेशन पर शव मिलने से खलबली मच गई। जीआरपी की सूचना पर परिजन खटीमा पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले मोहित जौहरी उर्फ शीलू पुत्र उमेश जौहरी 9 जून को ट्रेन से पीलीभीत से खटीमा गए थे। उसका शव खटीमा रेलवे स्टेशन पर पड़ा मिला। शिनाख्त न होने पर रेलवे पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शिनाख्त होने पर 11 जून को खटीमा जीआरपी ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिजन खटीमा रवाना हो गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों को बताया कि मोहित की जेब से 9 जून का रेलवे टिकट पीलीभीत से खटीमा का मिला था।

# घोटाले में घिरे सहायक उद्यान निरीक्षक की जांच सुस्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सहायक उद्यान निरीक्षक पर लगे गंभीर आरोपों की जांच सुस्त होने पर दोबारा शासन स्तर पर शिकायत की गई है। जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक को शिकायत पत्र भेजा है, जिसमें उच्चस्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

● **अब जिला पंचायत सदस्य ने निदेशक को भेजा पत्र, कार्रवाई की मांग**

जिला पंचायत सदस्य की ओर से भेजे गए शिकायत पत्र में बताया है कि संबंधित सहायक उद्यान निरीक्षक पूर्व में माली पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन पाकर सहायक उद्यान निरीक्षक बने। उन पर पद का दुरुपयोग कर मनमानी करने, टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता, पौध वितरण आदि में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। गोभी की नर्सरी और लाइन प्लांटिंग आदि कार्यों को बिना पारदर्शिता के निजी स्तर पर कराने का भी आरोप लगाया। इसके अलावा अन्य आरोप लगाए गए हैं। पूर्व में हुई शिकायत के बाद जिला उद्यान अधिकारी ने शासन स्तर पर पत्र लिखा था, जिसमें कार्रवाई की संस्तुति की गई थी।

आरोप है कि इसके बावजूद विभागीय गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए दोबारा कार्यभार संभाल लिया। 28 दिसंबर 2023 को उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव भी भेजा गया था, लेकिन उस पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे पहले 25 सितंबर 2023 को भी इनके विरुद्ध शिकायत दर्ज हुई थी और जांच कमेटी का गठन किया गया था, लेकिन कार्रवाई की गति धीमी बनी हुई है। अब पुनः शासन को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## घर में घुसकर मचाया उत्पात, पथराव

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष से दूसरे के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। धारदार हथियारों से वार किए गए और पथराव किया, जिसमें दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के निवासी रामसनेही ने तहरीर में बताया कि उसकी भूमि कलीनगर के नौरंगाबाद गांव में है। आरोप है कि उसके भतीजे ने धोखाधड़ी कर भूमि की बिक्री कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज की गई। बुधवार को वह एसडीएम कोर्ट से घर पंहुचे थे। इसी बीच रात गांव के ही चार लोग धारदार हथियार हाथ में लेकर गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

# कूटरचित तरीके से लिया दुर्घटना बीमा योजना का लाभ, वसूली की मांग

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** गलत तरीके से कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ उठाने की पुष्टि होने के बाद भी वसूली एवं अन्य कार्रवाई प्रशासन नहीं कर सका है। लंबे समय से मामला जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में है। शिकायतकर्ता ने एक बार फिर जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले में आरोपियों पर कार्रवाई कराने की मांग की है।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र के मोहल्ला ग्यासपुर के रहने वाले सेवानिवृत्त लेखपाल इशरत ने डीएम को दिए शिकायत पत्र में बताया कि मोहल्ले के ही रहमतुल्ला पुत्र रियातुल्ला उर्फ रफीउल्ला व छुन्नन खां पुत्र बन्ने खां ने अपने नाम अंकित ग्राम कस्बा पट्टी की जमीन 6 मई 1995 को उनके पिता रहमतुल्ला पुत्र बिलायतुलला को विक्रय कर दी थी। इस भूमि को खरीदने के बाद उनके परिवार का कब्जा व दखल है।

● **सेवानिवृत्त लेखपाल ने डीएम से की मामले की शिकायत**

पिता की मौत के बाद उनके वारिशों इशरत (शिकायतकर्ता), मोहल्ला अशरफ, मोहम्मद सज्जन, मोहम्मद किशवर का उक्त भूमि पर कब्जा दखल हो गया। उनका कहना है कि दाखिल खारिज न होने चलते कुछ समय पूर्व तक जमीन बेचने वालों के नाम खतौनी में दर्शा रहे थे। इसी का लाभ उठाते हुए कूटरचित तरीके से बेची जा चुकी जमीन को अपना बताकर आरोपी रहमतुल्ला पुत्र रियातुल्ला उर्फ रफीउल्ला के पुत्र इमरान और पुत्रवधू शरीफन की सड़क हादसे में मौत के बाद उनके परिवार वालों ने पांच-पांच लाख रुपये कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ ले लिया।

सड़क हादसा वर्ष 2021 में हुआ था। इसकी पूर्व में शिकायत की गई तो जांच कराई गई थी, जिसमें यह आरोप सही भी निकले। मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। 15 मार्च 2024 और12 नवंबर 2024 को भी शिकायत की जा चुकी है। जिसमें अवैध रूप से लाभ लेने वालों से उक्त धनराशि की वसूली के साथ ही विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें कुछ राजस्व कर्मियों पर भी मामला दबाने का आरोप लगाया गया है।

# पशुशाला में बंधे मवेशी को उठा ले गया बाघ

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** फार्मर की पशुशाला से बाघ एक मवेशी को उठा ले गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की। मवेशी का अधखाया शव खेत में पड़ा मिला। वन विभाग ने कैमरे लगाकर बाघ की निगरानी शुरू कर दी है। बाघ की दस्तक से लोगों में दहशत बनी हुई है।

हजारा क्षेत्र में करीब एक महीने से बाघ का आतंक बना हुआ है। पहले खिरकिया बरगदिया में बाघ ने लौंग देवी को निवाला बना लिया था। इसके बाद 3 जून को शांतिनगर की रेशमा देवी को भी बाघ ने मौत के घाट उतार दिया था। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया था। हालांकि वन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में कॉम्बिंग कर रही हैं, लेकिन पगचिह्न न मिलने से बाघ को ट्रेस कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इसके चलते बाघ लगातार दस्तक दे रहा है।


फार्म हाउस के पास कांबिंग करता वनकर्मी। ● अमृत विचार

● **खेत में अधखाया शव मिलने से दहशत**

शारदा पार के गांव कबीरगंज के एक फार्म के रहने वाले दलबीर सिंह की पशुशाला में बुधवार रात मवेशी बंधे हुए थे। रात के वक्त बाघ पशुशाला में घुस गया। मवेशियों के चीखने पर ग्रामीण पशुशाला में पहुंच गए। इस पर बाघ एक मवेशी को उठा ले गया। सुबह वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से खेतों में बाघ के पगचिन्ह देखे। मवेशी का अधखाया शव खेत में पड़ा मिला। दहशत का पर्याय बने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए वन विभाग की ओर से कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से भी बाघ की खोजबीन की जा रही है।


बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली





रामगंगा नगर आवासीय योजना एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टरों में कॉमर्शियल कम आफिस काम्पलैक्स में शोरूम/आफिस एवं होटल भूखण्ड/पेट्रोल पम्प/स्कूल भूखण्ड/व्यवसायिक भूखण्डों तथा दुकान भूखण्डों को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

पंजीकरण दिनांक 26/05/2025 से 26/06/2025 तक | नीलामी दिनांक 27/06/2025

| क्रम सं0 | सेक्टर | सम्पत्ति का प्रकार | अनुमानित क्षेत्रफल (वर्ग0मी0 में) | रिक्त सम्पत्तियों की संख्या | दर प्रति वर्ग मीटर रू0 | धरोहर धनराशि (5 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेक्टर-5 कामर्शियल काम्पलैक्स ब्लॉक-ए में निर्मित | शोरूम (भूतल) | 147 ये 151 | 7 | 1,21,420.00 | 9,16,721.00 |
| | | आफिस (प्रथम तल) | 101 से 112 | 10 | 76,250.00 | 4,27,000.00 |
| 2 | सेक्टर-5 कामर्शियल काम्पलैक्स ब्लॉक-सी में निर्मित | शोरूम (भूतल) | 72.00 | 5 | 1,21,420.00 | 4,37,112.00 |
| | | आफिस (प्रथम तल) | 72.00 | 8 | 76,250.00 | 2,74,500.00 |
| 3 | 4-अलखनंदा इंक्लेव | व्यवसायिक भूखण्ड सं0 1 से 5 व 7 | 135.00 | 6 | 71,600.00 | 4,83,300.00 |
| 4 | सेक्टर-5 | व्यवसायिक स्पेस 2 | 538.39 | 1 | 71,600.00 | 19,27,437.00 |
| | | व्यवसायिक स्पेस 3 | 462.06 | 1 | 71,600.00 | 16,54,175.00 |
| 5 | 8-शिप्रा इंक्लेव | व्यवसायिक भूखण्ड सं0 21 व 22 | 200.00 | 2 | 71,600.00 | 7,16,000.00 |
| | | दुकान भू०सं० 7 से 16 | 35.00 | 10 | 71,600.00 | 1,25,300.00 |
| 6 | 8-शिप्रा इंक्लेव | हाईस्कूल भूखण्ड | 2216.34 | 1 | 35,800.00 | 39,67,249.00 |
| 7 | 9-सत्यम इंक्लेव | दुकान भूखण्ड सं0 3,4, 12 से 16 | 34.80 | 7 | 71,600.00 | 1,24,584.00 |
| 8 | 11-पंचवटी इंक्लेव | पेट्रोल पम्प भूखण्ड | 2281.62 | 1 | 71,600.00 | 81,68,200.00 |
| 9 | 11-पंचवटी इंक्लेव | होटल भूखण्ड | 2031.20 | 1 | 71,600.00 | 72,71,696.00 |
| 10 | 11-पंचवटी इंक्लेव | शोरूम भूखण्ड | 400.00 | 1 | 71,600.00 | 14,32,000.00 |
| 11 | 11-पंचवटी इंक्लेव | व्यवसायिक भू० सं02 | 524.09 | 1 | 71,600.00 | 18,76,243.00 |
| | | व्यवसायिक भू० सं05 | 709.41 | 1 | 71,600.00 | 25,39,688.00 |
| | | व्यवसायिक भू० सं01 से 10 | 200.00 | 10 | 71,600.00 | 7,16,000.00 |
| | | व्यवसायिक भू० सं0 4, 5, 6, 8 से 14 | 150.00 | 10 | 71,600.00 | 5,37,000.00 |
| | | व्यवसायिक भू० सं0 1 से 5 | 112.50 | 5 | 71,600.00 | 4,02,750.00 |
| | | व्यवसायिक भू० सं0 9 से 18 | 60.00 | 10 | 71,600.00 | 2,14,800.00 |
| 12 | 2ए-ग्रेटर बरेली आवासीय योजना | इण्टर कालेज भूखण्ड | 8251.98 | 1 | 32500.00 | 1,34,09,468.00 |

बरेली विकास प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय योजना एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टरों में कॉमर्शियल कम आफिस काम्पलैक्स में शोरूम/आफिस एवं होटल भूखण्ड/पेट्रोल पम्प/स्कूल भूखण्ड/व्यवसायिक भूखण्डों तथा दुकान भूखण्डों का निविदा- सह-नीलामी पद्धति के माध्यम से दिनांक-26.05.2025 से दिनांक-17.06.2025 तक आवेदन आमन्त्रित किये जा रहे है। आवेदन की तिथि दिनांक 26.06.2025 तक बढ़ा दी गई है। जिसकी नीलामी **रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-02 में नव-निर्मित प्राधिकरण कार्यालय में दिनांक-27.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारम्भ होगी।** नीलामी की नियम व शर्ते प्राधिकरण की बेवसाइट www.bdainfo.org पर प्राप्त की जा सकती है। आवेदन प्रपत्र रू0-590.00 (जी0एस0टी0 सहित) का भुगतान कर प्राधिकरण अधिकृत बैंक पंजाब नैशनल, शाखा-राजेन्द्र नगर, बरेली से प्राप्त किये जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त आवेदन प्रपत्र प्राधिकरण की बेवसाइट www.bdainfo.org से भी ऑनलाइन डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाइन डाउनलोड किये गये आवेदन प्रपत्र के लिये शुल्क रू0-590.00 का भुगतान पृथक से आवेदन पत्र के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य है।

रामगंगा नगर आवासीय योजना, सेक्टर-2, बरेली

Ph.: 0581-2300081, Mob.: 9568006429, 9568006423 | E-mail:bdabareilly@gmail.com | blybda@nic.in | website: www.bdainfo.org

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# टेंडर का खेल : एडीएम ने लिया संज्ञान, एसडीएम को सौंपी जांच

## नपां कलीनगर में अयोग्य फर्मों की बिड स्वीकारने और बाद में निरस्त करने का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



नगर पंचायत कलीनगर का भवन। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर पंचायत कलीनगर में किए गए टेंडर का खेल उजागर होने के बाद अब मामला दबा रहे जिम्मेदारों की मुश्किल बढ़ती दिख रही हैं। अयोग्य फर्मों की बिड पहले स्वीकारने और शिकायत के बाद अस्वीकृत करने के इस गंभीर मामले का एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने संज्ञान लिया है। इसकी एसडीएम को जांच दी गई है। एसडीएम से जांच कर विस्तृत आख्या मांगी गई है। उसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

नगर पंचायत कलीनगर में स्वच्छ पेयजल योजना के तहत 58 लाख की लागत से सोलर वेस्ड वाटर कूलर की स्थापना कराई जानी है। 21 मई को ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। इसमें चार फर्म एम-एम कंस्ट्रक्शन, पवन इंटरप्राइजेज, आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स ने बिड डाली थी।

पहले जीवी कंस्ट्रक्शन की बिड अस्वीकृत की गई और फिर धांधली के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई तो आनन-फानन में 5 जून को अन्य तीनों फर्म की बिड भी अस्वीकृत कर दी गई थी। इतना ही नहीं, एमएम कंस्ट्रक्शन की ओर से लगाया गया श्रम विभाग के पंजीकरण को प्रमाण पत्र कूटरचित होने का आरोप था। दरअसल, इस पर पड़ा नंबर बरेली की श्री कृष्णा ट्रेडर्स के नाम पर पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहा है। ईओ कलीनगर एजाज अहमद पर अपने चहेतों को टेंडर दिलाने के लिए सांठगांठ करके खेल करने का आरोप है, मगर ईओ की ओर से सिर्फ टेंडर निरस्त कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली गई थी। कूटरचित अभिलेख को लेकर कोई जांच नहीं कराई थी।

अब इस मामले में एडीएम ने संज्ञान लिया है। एडीएम ने बताया कि मामले में एसडीएम को जांच दी गई है। सभी बिंदुओं पर जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कई अन्य टेंडर में भी तो नहीं इस्तेमाल कूटरचित अभिलेख

एमएम कंस्ट्रक्शन की ओर से बिड में लगाए गए श्रम विभाग के पंजीकरण प्रमाण पत्र के कूटरचित होने के आरोप लगने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। ये भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि कहीं यही प्रमाण पत्र अन्य टेंडरों में भी तो इस्तेमाल नहीं किया गया है। हालांकि अभी इसे लेकर कोई जांच नहीं कराई जा सकी है। शिकायतकर्ता की मानें तो अगर गंभीरता से जांच कराई गई तो कई अन्य हैरान करने वाले तथ्य भी निकल आ सकते हैं। फिलहाल गंभीर आरोप लगने के बाद निविदाएं कैंसिल की जा चुकी हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इसका संज्ञान ले लिया है, जिसके चलते नगर पंचायत कलीनगर के जिम्मेदारों में खलबली मच गई है। अब इस प्रकरण के शोर को दबाने का भी प्रयास किया जा रहा है। छोटे कर्मचारियों को भी टारगेट किया जा सकता है।

# डीएफओ के स्टेनो के साथ मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• सामाजिक वानिकी में तैनात वरिष्ठ सहायक समेत तीन पर है आरोप

**अमृत विचार :** टाइगर रिजर्व कार्यालय में तैनात आशुलिपिक से दो युवकों ने पेड़ कटान संबधी पत्रावाली को लेकर अभद्रता कर दी। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने कार्यालय के भीतर मारपीट करने पर आमादा हो गए। आरोपियों के भागने के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग में कार्यरत वरिष्ठ सहायक आ गए। इसके बाद उन्होंने भी धमकाना शुरू कर दिया। इस मामले में आशुलिपिक की तहरीर पर वरिष्ठ सहायक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डीएफओ कार्यालय में तैनात प्रभारी आशुलिपिक प्रमोद कुमार ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 जून की दोपहर 1 बजे वह अपने कार्यालय कक्ष में कार्य कर रहे थे। इस दौरान दो युवक उनके कार्यालय में आए और अपनी वृक्ष संबंधी पत्रावली के बारे में पूछने लगे। जिस पर उन्होंने पत्रावली संबधित क्षेत्रीय वनाधिकारी के कार्यालय में जांच के लिए भेजने की बात बताई। इस पर दोनों युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे उसके बाएं कान और दाहिने हाथ के अंगूठे में चोटें आईं। आरोपियों ने उसके कार्यालय कक्ष में कुछ राजकीय अभिलेखों को भी छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया।

शोर शराबा होने पर कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारी आ गए। जिस पर आरोपी अपना दो पहिया वाहन कार्यालय परिसर में छोड़कर मौके से भाग गए। इसके बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग पीलीभीत में कार्यरत इरफान खान, वरिष्ठ सहायक उनके कार्यालय में आए। उन्होंने भी जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज करने हुए धमकी दी। उन्होंने कहा कि वह तीनों भाई देख लेंगे। आरोप है कि इरफान खान के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी मोहम्मद इमरान खां, अहमद खां निवासी मलूकपुर बाजदरान घेर नसीर तहसील नबावगंज जिला बरेली समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अतिक्रमण हटवाने के बजाय वहीं पर घोषित कर दिए वेंडिंग जोन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण से सड़कों को मुक्त कराने की कवायद फिर पस्त दिख रही है। मोहल्ला मदीनाशाह में वेंडिंग जोन के लिए जमीन चिह्नित की गई, ताकि बाजार में विभिन्न जगह पर फैले अतिक्रमण को हटाया जा सके। मगर, अतिक्रमण हटाने के बजाए नगर पालिका ने अतिक्रमण से घिरी सड़कों को ही वेंडिंग जोन घोषित कर दिया है। हालांकि जिम्मेदारों का तर्क है कि अभी प्रस्तावित हुए वेंडिंग जोन पर काम होना शेष रह गया है। इसलिए फ्लैक्स लगवा दिए गए हैं।

बता दें कि नगरपालिका की ओर से 18 मार्च को शहर के बिजली घर तिराहा के पास खाली पड़ी जमीन पर अस्थायी वेंडिंग जोन का प्रस्ताव बनाया गया था। बाजार में फुटपाथ पर दुकान सजाने वाले रेहड़ी पटरी वालों को इसमें जगह मुहैया कराई जानी थी। इसमें तीन साइज की दुकानें निर्धारित की गई थी। एक हजार से लेकर ढाई हजार रुपये मासिक किराया तक किया गया। दुकानदारों ने फड़ पंजीकरण करने के लिए नगरपालिका में रजिस्ट्रेशन कराया। पालिका के अनुसार अब तक 50 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, लेकिन इसके बाद भी वेंडिंग जोन का प्रस्ताव अधर में है। नगरपालिका को सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराना था, लेकिन अतिक्रमण हटाने पर काम नहीं हो सका। ऐसे में नगरपालिका ने उन सड़कों पर वेंडिंग जोन के फ्लैक्स लगा दिए, जहां दिन भर अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बनी रहती है। पालिका की ओर से नींबू बाजार, गौहनिया चौराहा स्टेशन रोड, गौहनिया चौराहा सुनगढ़ी तिराहा, गांधी स्टेडियम और जामा मस्जिद से कमल्ले चौराहा तक के रोड पर वेंडिंग जोन की फ्लैक्सी लगा दी है। आलम यह है कि इन जगहों की सड़कों पर कई दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा किया हुआ है,, जिससे दिन में कई कई बार जाम लगता है, जबकि पहले से प्रस्तावित की गई जमीन पर वेंडिंग जोन शुरू करने के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई। सिर्फ कागजों में मैप बनाकर औपचारिकता पूरी की जा रही है। नगरपालिका के कर्मचारियों की मानें तो अस्थायी रूप से फ्लैक्स लगाए गए हैं।


मोहल्ला मदीनाशाह में चिह्नित की गई थी वेंडिंग जोन के लिए ये जमीन।

> वेंडिंग जोन के लिए मेरे कार्यकाल से पहले जमीन चिह्नित की गई थी। कर्मचारियों के द्वारा बताया गया है कि वहां कुछ काम होना शेष रह गया है। लेआउट भी तैयार कर लिया गया है। अभी अस्थायी रूप से फ्लैक्स लगवाए गए हैं। संज्ञान में नहीं है कि जहां फ्लैक्स लगाए गए हैं, वहां जाम की स्थिति पैदा होती है। निरीक्षण कर इसका समाधान कराया जाएगा।
> -संजीव कुमार, ईओ नगरपालिका

# सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के न्यायाधीश/सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने जिले में जिला पर्यावरण समिति के माध्यम से संचालित हो रही विभिन्न गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

डॉ. अफरोज अहमद गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे पीलीभीत पहुंचे। गांधी सभागार पहुंचने पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव ने उनका स्वागत किया और गारद ने सलामी दी। इसके बाद गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। उन्होंने पर्यावरण समिति की ओर से संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। सीएमओ को निर्देश दिए कि अस्पतालों में जैव अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन, निस्तारण, व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। नगर पालिका और नगर पंचायतों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए डीपीआर बनाए जाने के निर्देश दिये। बताया कि एक एमएलडी प्रदूषित पानी नदी में प्रवाहित करने पर एनजीटी द्वारा दो करोड़ तक का जुर्माना लगाया जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को जल जनित एवं वायु जनित प्रदूषण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

डॉ. अफरोज ने कहा कि जनपद में संचालित चीनी मिलें, राइस मिलें व अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाली धुंए और जलीय प्रदूषण की रोकथाम करने व इन औद्योगिक प्रतिष्ठानों से सीएसआर फंड के माध्यम से अधिक से अधिक हरित आवरण को बढ़ाने में प्रयोग किया जाए। चीनी मिलों के कुल स्थापित क्षेत्रफल का 33 प्रतिशत क्षेत्रफल हरित आवरण से आच्छादित होना चाहिए। अधिशासी अभियंता विद्युत खंड को निर्देशित किया कि होटल, रिसॉर्ट में बिजली की आपूर्ति सहज, सुलभ व निर्वाद्ध तरीके से की जाए, ताकि होटल मालिकों और पर्यटकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर को निर्देश दिए कि सोविनियर शॉप्स को और अधिक आधुनिकीकृत एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए। सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ को निर्देशित किया कि जनपद में स्थित वैटलैंडस का सर्वे कराकर सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाए, ताकि जलीय जीव एवं पक्षियों के लिए स्थाई प्राकृतिक वास तैयार हो सके। बैठक के बाद गांधी सभागार परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर मनीष सिंह, डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डीके, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि मौजूद रहे।


पर्यावरण समिति की गतिविधियों पर चर्चा करते न्यायाधीश एनजीटी डॉ. अफरोज अहमद।


गांधी सभागार परिसर में पौधरोपण करते न्यायाधीश। • अमृत विचार

# चिकित्सक के निधन पर व्यक्त किया शोक

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के उपाधि कॉलेज मार्ग पर मोहल्ला थान सिंह के रहने वाले 74 वर्षीय डॉ. अनिल कुमार शुक्ला का बुधवार शाम निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को शहर के मुक्तिधाम पर उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। उनके भाई एडवोकेट सुनील कुमार शुक्ला ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, डॉ. सहदीप अवस्थी, तेज डॉ. अनिल सक्सेना, देवी सिंह एडवोकेट आदि ने उनके आवास व मुक्तिधाम पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# आधार से जुड़ी दिक्कतों का हो निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• नवागत सीडीओ ने आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचारः** नवागत मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में जनपदस्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में यूआईडीएआई के नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।

गांधी सभागार में गुरूवार को हुई बैठक में उन्होंने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र समाधान और नये आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में गति लाने के निर्देश दिए। कहा कि आधार कार्ड सरकार की विभिन्न योजनाओं में अनिवार्य है, इसलिए आधार से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में यूआईडीएआई के नोडल अधिकारी ऐमन परवेज ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। कहा कि पांच वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चे अपना आधार कार्ड अपडेट अवश्य कराऐं। बैठक में डीबीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति, लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण और आधार सीडिंग की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी ने आधार कार्ड के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है। आधार को अपडेटेड रखना जरूरी है, ताकि योजनाओं के लाभ में कोई दिक्कत न आए। इस मौके पर डीडीओ संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार, डीसी मनरेगा वंदना सिंह, बीएसए अमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सीएम विश्नोई आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# स्वास्थ्य शिविर में बांटी निःशुल्क दवा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** निःशक्तजन सेवा संस्थान की ओर से पूरनपुर रोड पर एक राइस मिल परिसर में मासिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 138 लोगों ने पंजीकरण कराया। हार्ट के 12, दांतों के 44 और 82 मरीज आंखों की समस्या से जुड़े थे। मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। मोतियाबिंद के दो मरीज ऑपरेशन के लिए रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बरेली भेजे गए, जिनका वहां निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। हार्ट के मरीजों की डॉ. महेश चन्द्रा के सहयोग से निःशुल्क ईसीजी लांच की गई और शेष मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।


शिविर में पहुंची एक महिला को दवा का वितरण करते मुख्य अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। • अमृत विचार

• मोतियाबिंद के दो मरीजों को ऑपरेशन के लिए बरेली भेजा

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने 35 मरीजों को शरीर व पैरों में दर्द की दवा निशुल्क वितरित की। संस्था के अध्यक्ष अमृतलाल ने बताया कि यह दवा अंकुर राइस मिल पीलीभीत पर मरीज को आगे भी निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज के योग शिक्षकों द्वारा उपस्थित लोगों को योग के संबंध में जानकारी दी गई और योग का अभ्यास भी कराया गया। इस मौके पर कामिल खान, मोहम्मद असलम, डॉ. प्रेम सागर शर्मा, सविता बंसवाल, चिरंजीव गौर आदि मौजूद रहे। एक मरीज ने कान की मशीन के लिए पंजीकरण कराया।

# अवैध तरीके से लगा मिला हूटर, कार सीज

**पूरनपुर, अमृत विचारः** स्वीमिंग पूल और सीएचसी गेट पर हुई मारपीट के मामले में जेल भेजे गए आरोपी जीत सिंह की कार में हूटर लगा हुआ था। पुलिस ने इसे लेकर गाड़ी सीज कर दी है। बता दें कि बीते सामवार को लोधीपुर में स्वीमिंग पूल के पास दो पक्षों में मारपीट हुई थी। उसके बाद कुछ लोगों सीएचसी गेट पर शोएब नाम के युवक की पिटाई कर दी थी। इस मामले में लोधीपुर के रियाज और शोएब की ओर से दो मुकदमें दर्ज कराए गए। दोनों मुकदमें में भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के सहयोगी जीत सिंह को नामजद किया गया है। आरोप है कि मारपीट की घटनाओं में जीत अगुवाई कर रहा था। इसके अलावा आरोपी जीत सिंह ने अपनी कार में हूटर लगवा रखा था। पुलिस ने जीत की कार को भी सीज कर दिया है।

# पहले दिन लोग हुए परेशान, गलियों से निकले छोटे वाहन

## रूट डायवर्जन: 19 दिन फेरा काटकर पहुंचेंगे वाहन, लखीमपुर और गोला की दूरी हुई अधिक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**अमृत विचार:** लखीमपुर और गोला के बीच 19 दिन दिन वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इसके लिए रेलवे ने गोला जंगल वाली क्रासिंग से पहले बैरिकेट लगा दिए हैं तो वहीं मनिकापुर तिराहे पर फरधान पुलिस ने। ऐसे में गुरुवार को पहले दिन लखीमपुर और गोला जाने के लिए बाइक एवं चार पहिया वाहन से निकलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन भर गांवों की गलियों से होकर छोटे वाहन फर्राटा भरते रहे, वहीं रास्ता बंद होने की वजह से राहगीर सिकंद्राबाद एवं अलीगंज होकर गंतव्य तक पहुंचे।

गोला जंगल वाली क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने के लिए एनएचआई ने ब्लॉक लिया है। इससे लखीमपुर और गोला के बीच दो जून से लेकर 30 जून यानि 19 दिन वाहनों के आने-जाने पर बैन रहेगा। ब्लॉक की परमीशन मिलते ही ओवरब्रिज निर्माण करवा रही कार्यदायी संस्था के लोगों ने गोला में क्रॉसिंग से पहले सीमेंटेड बैरिकेट लगवाने से लेकर जेसीबी खड़ी कर रास्ता पूरी तरह बदं करा दिया। ऐसे में आठ बजे के बाद लखीमुपर से गोला और गोला से लखीमपुर जाने के लिए बाइक एवं चार पहिया वाहन से निकले लोगों को परेशानियों का सामान करना पड़ा। यह सब लोग करीब 12 किलोमीटर की दूरी अधिक तय कर सिकंद्राबाद होकर गंतव्य तक पहुंचे। इससे जहां समय अधिक लगा तो वहीं जेब भी अधिक ढीली करनी पड़ी।


गोला में जंगल वाली रेलवे क्रॉसिंग पर स्लैब डालने का हो रहा काम। ● अमृत विचार

### गोला से निकले तो फरधान में अटके

गोला में जंगल वाली क्रॉसिंग बंद मिलने पर कुछ राहगीर जहां कोटवारा होकर सिकंद्राबाद के रास्ते लखीमुपर निकले तो वहीं कुछ राहगीर अलीगंज होकर निकले। हालांकि कुछ राहगीर भुड़वारा के रास्ते जलालपुर होकर लखीमपुर के निकल पड़े, लेकिन फरधान में क्रासिंग बंद मिलने पर आस पास के गांवों के संकरे रास्तों से गुजरकर लखीमपुर जाने के लिए मजबूर रहे।

### अलीगंज एवं सिकंद्राबाद होकर निकले वाहन

रोडवेज बसों से लेकर अन्य भारी वाहन अलीगंज और सिकंद्राबाद होकर गंतव्य के लिए निकलें। गोला डिपो की कुछ बसें जहां अलीगंज के रास्ते संचालित हुईं तो कुछ सिंक्रदाबाद होकर। इसी तरह भारी वाहन भी इसी तरह संचालित होते रहे।


गोला में रास्ता बंद होने पर मायूस खड़े बाइक सवार। ● अमृत विचार

### तमाम ग्रामीणों के लिए लंबा हो गया रास्ता

गोला से लखीमपुर आने के लिए रोडवेज बस, ट्रेन एवं टैक्सी आदि की सुविधा है। मगर, रोड बंद होने से भल्लिया, रजागंज से लेकर फरधान एवं इसके आस पास रहने वालों के लिए अब एक मात्र साधन ट्रेन बचा है। मगर, वन भल्लिया, जलालपुर, केशवापुर, शहबुद्दीनपर, पचपेड़वा एवं खजांचीपुरवा आदि ऐसे गांव हैं, जिनके ग्रामीणों को गोला एवं लखीमपुर जाने लिए न तो बस मिल सकेगी और न ही ट्रेन। ट्रेन पकड़ने के लिए कई किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी।

# समन्वय से कुरीति को दूर करने का दिलाया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **सुरक्षित गर्भ समापन पर आयोजित की गई कार्यशाला**

**अमृत विचार:** सुरक्षित गर्भ समापन एवं गर्भ निरोधक सेवाओं को लेकर स्वैच्छिक संगठनों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें जनपद के स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। अनचाहा गर्भ और गर्भपात पर चर्चा कर प्रभावी तरीके से कामकाज को लेकर रणनीति बनाई।

चित्रांशु समाज कल्याण परिषद के दिलीप श्रीवास्तव ने समन्वय से कुरीति को दूर करने के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम सलाहकार अर्चना मिश्रा ने एमटीपी एक्ट संशोधन 2021 के मुख्य पांच बदलाव पर चर्चा करते हुए कहा कि पहले विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए गर्भपात की ऊपरी सीमा 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दी गई थी। दूसरा पर्याप्त भ्रूण विकृति के मामलों में गर्भावस्था के दौरान किसी भी समय गर्भपात मेडिकल बोर्ड की अनुमति से कराया जा सकता है।

तीसरा गर्भ निरोधक साधनों की विफलता की स्थिति में अब गर्भपात की सेवा अविवाहित महिलाओं को भी दी जाएगी। गर्भपात संबंधी जानकारी की गोपनीयता के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया है। पीयूष मेहरा एवं अशोक सक्सेना ने बताया कि भारत में प्रतिदिन 13 महिलाओं की असुरक्षित गर्भपात से संबंधित कारणों से मृत्यु हो जाती है और सैकड़ों महिलाएं गंभीर जटिलताओं का सामना करती हैं। हाई कोर्ट के अधिवक्ता नीरज रस्तोगी ने बताया कि देश में होने वाली मातृ मृत्यु में से 8% असुरक्षित गर्भपात के कारण होती है। यदि किसी महिला को माहवारी के दिन चढ़ गए हो या उसे अनचाहे गर्भ के ठहरने की आशंका हो तो उसे बिना किसी देरी के नजदीकी डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

शिशुपाल ने बताया कि एक महिला के लिए गर्भपात एक मुश्किल निर्णय हो सकता है और वह प्रक्रिया के दौरान गई कष्टकारी स्थितियों का सामना करती है। उसके पति एवं परिवार को महिला के निर्णय में सहयोग देना चाहिए और उसकी सुरक्षित एवं कानूनी सेवाएं लेने में मदद करनी चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी नीलम दीक्षित, लव कुश, किरन, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र वर्मा, मनोज मिश्रा, उमेश वर्मा, शिवम मिश्रा, वी के वर्मा, अमनदीप कौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### वाईडीसी में संपन्न हुईं विश्वविद्यालयीय परीक्षाएं

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल ने बताया कि कॉलेज में हो रहीं विश्वविद्यालयीय परीक्षाएं गुरुवार को समाप्त हो गईं। अंतिम दिन बीए छठे सेमेस्टर में हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 357 के सापेक्ष 351 छात्र-छात्राएं उपस्थित और छह अनुपस्थित रहे। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा तीन मई को प्रारम्भ हुईं थीं, जो 12 जून को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गईं। उन्होंने बताया कि परीक्षा सम्पन्न कराने में चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा, प्रोफेसर नीलम त्रिवेदी, प्रोफेसर एसके पाण्डेय सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### बस चालक के बेहोशी हालत में मिलने की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी , अमृत विचार :** रोडवेज डिपो लखीमपुर स्थित बस स्टेशन पर 20 दिसंबर 2010 को कैंट डिपो वाराणसी की बस संख्या यूपी 65एआर/0084 में चालक को बेहोशी हालत में पाया गया था, जिसकी जिला अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई थी। मृतक के परिवार वालों को आर्थिक मदद देने के लिए पूरे मामले की अब मजिस्ट्रियल जांच शुरू की गई है। उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने संबंधित लोगों से अपेक्षा की है कि 17 जून 2025 तक किसी भी कार्यदिवस में वह कलेक्ट्रेट लखीमपुर में उप जिला मजिस्ट्रेट सदर लखीमपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं और अपना बयान भी अंकित करा सकते हैं।

### जननायक एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत

**पसगवां , अमृत विचार :** शाहजहांपुर-सीतापुर रेल प्रखंड पर जननायक एक्सप्रेस से कटकर एक युवक की मौत हो गई। घटना जंगबहादुरगंज चौकी क्षेत्र के अंतर्गत उकुरमुहां रेलवे फाटक के पास की है। गुरुवार को ट्रेन से कटकर युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर युवक का शव ट्रेन से कटने के बाद कई हिस्सों में हो चुका था। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों की मदद से युवक की शिनाख्त कराई। पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव मस्तीपुर के रहने वाले 44 वर्षीय राकेश पुत्र नत्थू लाल के रूप में मृतक की पहचान हुई। ग्रामीणों के अनुसार राकेश मानसिक मंदित था।

# किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने किसानों को खुशहाल करने के लिए अनेक योजनाएं चलाईं। कृषि संकल्प अभियान के तहत यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। यहां से सीखकर किसान आधुनिक और वैज्ञानिक खेती में उल्लेखनीय प्रगति करेंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय मंझरा द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत संचालित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आधुनिक और वैज्ञानिक खेती पर आधारित 15 दिवसीय अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जनपद के विभिन्न विकासखंडों के 45 गांवों में संचालित हुआ। इस अभियान से 4855 किसानों को जोड़ा गया, जिसमें 1525 महिलाएं भी शामिल रहीं।


किसानों को संबोधित करते विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

● **आधुनिक और वैज्ञानिक खेती पर 15 दिवसीय अभियान में बोले विधायक**

अभियान में लखीमपुर, निघासन, बेहजम, धौरहरा, नकहा, रमियाबेहड़, ईसानगर, फूलबेहड़ विकास खंडों के ग्रामीणों को वैज्ञानिक खेती के उन्नत तरीकों से अवगत कराया गया। गुरुवार को समापन पर मझरा फार्म के कार्यक्रम में सदर विधायक योगेश वर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम के तहत खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से जुड़ी आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत प्रजाति के बीज किस्मों पर चर्चा की गई। साथ ही खरीफ फसलों के लिए अनुदान के बारे में बताया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विवेक कुमार पांडेय व आर्य देश दीपक मिश्रा आदि शामिल रहे।

# 5.40 लाख भारतीय मुद्रा बरामद, नेपाली गिरफ्तार

**पलियाकलां, अमृत विचार:** 39वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी गौरीफंटा व कस्टम विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक नेपाली नागरिक को 5,40,000 भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है।

एसएसबी इन दिनों नेपाल सीमा पर विशेष चौकसी बरत रही है। गुरुवार को सीमा चौकी गौरीफंटा ने कस्टम कार्यालय गौरीफंटा के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान नेपाली नागरिक लाल प्रसाद झिशी, निवासी बराशी, जिला-बाजुरा, वार्ड संख्या-02 (नेपाल) को रोक कर तलाशी ली तो पास से 5,40,000 भारतीय मुद्रा बरामद की गई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह इस भारतीय मुद्रा को अवैध रूप से नेपाल ले जा रहा था जब्त की गई मुद्रा एवं गिरफ्तार व्यक्ति को कस्टम विभाग ने अपनी सुपुर्द में लिया है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में महाशक्ति बनेगा भारत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर गुरुवार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग जेपीएस राठौर ने प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में घोटालों का बोलबाला था, लेकिन मोदी सरकार में नवाचार का बोलबाला है। देश में तमाम विकास कार्य होने के साथ नई तकनीक ईजाद हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था बचाने के लिए पहले की सरकार जहां सोना गिरवी रखने का काम करती थीं, लेकिन मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

मेला मैदान रोड स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित प्रेसवार्ता में जेपीएस राठौर ने कहा कि पहले की सरकार गरीब तुष्टिकरण की राजनीति करती थीं। मगर भाजपा गरीब कल्याण की राजनीति करती है।


मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

● **प्रेस वार्ता में बोले राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग**

भाजपा सबका साथ सबका विकास करने के मूलमंत्र पर चल रही है। मोदी और योगी राज में जहां घोटाले बंद हुए हैं तो वहीं भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत विश्व की एक महाशक्ति बनकर उभरेगा। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, मोहम्मदी विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व पालिकाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वाजपेयी, उमाशंकर मिश्र, रामजी दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# आरोग्य मंदिर का हुआ वर्चुअल मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड कार्यक्रम के तहत चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पनगी कला का गुरुवार को वर्चुअल मूल्यांकन हुआ। इस दौरान भारत सरकार की टीम ने तमाम मानकों पर मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद सीएमओ ने भी आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार की ओर से नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मुहैया करना है। गुरुवार को सीएचसी नकहा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पनगी कलां का भारत सरकार की टीम ने वर्चुअल मूल्यांकन किया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर तैनात सीएचओ दीपशिखा व एएनएम मीरा राज से भारत सरकार की टीम ने सवाल जवाब कर वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र से लेकर परिसर का मुआयना किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. रामू सिंह, बीपीएम हरीश, बीसीपीएम भरत सरोज, बीएमडब्ल्यू प्रवीण, डीपीएम अनिल यादव, डीसीपीएम कुलदीप सिंह, डीएमएचसी लल्ला सिंह सहित आशा व संगिनी मौजूद रहीं।


वर्चुअल मूल्यांकन के दौरान आरोग्य मंदिर पनगी कलां में मौजूद सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता।

● **सीएमओ ने निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

# शरदकालीन गन्ना रोपण की किसानों को दी जानकारी

**पसगवां, अमृत विचार:** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की शुगर युनिट अजबापुर के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. एससी मिश्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गन्ना रोपाई की वैज्ञानिक विधियों और उससे जुड़े लाभों पर जानकारी दी। खेत की तैयारी, बीज चयन, कतार-दूरी, सिंचाई व पोषण प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। गन्ना प्रमुख डॉ हरेन्द्र त्रिपाठी और अपर महाप्रबंधक गन्ना ए.सिद्दीकी ने किसानों को बताया कि शरदकाल में रोपी गई गन्ने की फसल तथा वसंतकालीन अंतर्गत जल्दी बोई गई फसलों में मिट्टी चढ़ाना एवं बंधाई जैसे आवश्यक खेत प्रबंधन कार्य अवश्य करें।

# बचपन को दो पढ़ाई, मत छीनो उसकी मासूमियत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर रैली में गूंजा संदेश**
● **डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को किया रवाना**

**अमृत विचार:** जिले में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरुकता की अलख जगी। गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बाल श्रम निषेध सप्ताह 12 से 17 जून के अभियान का फीता काटकर आरंभ किया। साथ ही हरी झंडी दिखाकर जन जागरुकता रैली को रवाना किया।

डीएम ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करते हुए अधिकारियों, बच्चों और नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर बच्चा किताबों का हकदार है, न कि काम की जिम्मेदारी का। समाज तभी प्रगतिशील कहलाएगा जब उसका हर बचपन सुरक्षित और शिक्षित होगा। डीएम ने कहा कि हर वर्ष 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए सरकार के प्रयासों में सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बचपन का अधिकार मिलना चाहिए।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

### बाल श्रम उन्मूलन को लेकर 140 मामलों का चिह्नांकन

श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रम विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा 106 स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 140 बाल श्रम से जुड़े मामलों की पहचान की गई, जिनमें 4 खतरनाक व 136 गैर-खतरनाक कार्य श्रेणी में आए। कुल 80 मामलों में विधिक अभियोजन दर्ज किया है। प्रशासन ने 11 बच्चों का शैक्षिक पुनर्वासन सुनिश्चित किया, एक मामले में आर्थिक पुनर्वासन की कार्रवाई की। एक सेवायोजक से 20 हजार रुपये वसूले।

### जागरुकता रैली कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही

शहर में बाल श्रम के खिलाफ निकाली गई जन-जागरुकता रैली कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विलोबी मेमोरियल होते हुए सदर चौराहे पर समाप्त हुई, जिसमें स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, एसडीएम अमिता यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रेन आने पर भी बंद रही टिकट खिड़की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **यात्रियों की शिकायत के बाद अफसरों ने दिए जांच के आदेश**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर टिकट वितरण की जिम्मेदारी निभा रहे रेल कर्मियों की मनमानी जारी है। आलम यह है कि ट्रेन के आने पर कर्मचारी टिकट नहीं बांटते हैं। ऐसे में रेलवे को राजस्व की क्षति होती है तो मुसाफिर बिना टिकट यात्रा को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि इस मामले की शिकायत होने पर रेल अधिकारियों ने जांच के आदेश देकर लखीमपुर स्टेशन के वाणिज्य अधीक्षक से जवाब तलब किया है।

ऐशबाग मैलानी रेलखंड पर रोजाना रात 08:08 पर मैलानी जाने के लिए लखीमपुर से ट्रेन है। जो 08:10 पर रवाना होती है। बुधवार को यह ट्रेन निर्धारित समय से 10 मिनट पहले प्लेटफार्म पर पहुंच गई। गोला एवं मैलानी की ओर जाने वाले लोग साढ़े सात बजे तक स्टेशन पहुंच गए। मगर, इस दौरान विंडो बंद होने से टिकट वेंडिंग मशीन पर यात्रियों की भीड़ लग गई। विंडो पर मौजूद रेल कर्मी टिकट न देने का कारण बताए बगैर एटीवीएम मशीन से टिकट लेने के लिए इंगित करते रहे। प्लेटफार्म पर ट्रेन को खड़ा देखकर मुसाफिर टिकट पाने की जद्दोजहद करते दिखे। गनीमत रही कि समय से पहले आई ट्रेन करीब 14 मिनट तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही, जिससे यात्री टिकट लेकर गंतव्य के लिए रवाना हो सके।


स्टेशन पर टिकट विंडो बंद होने के से एटीवीएम पर लगी यात्रियों की लाइन।

### अधिकारियों ने दिए जांच के आदेश

ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी होने के बावजूद रेल कर्मियों द्वारा टिकट वितरण न करने के मामले की यात्रियों ने शिकायत ट्वीट कर दी। अधिकारियों ने इसका संज्ञान लेकर जांच करने के निर्देश देकर वाणिज्य अधीक्षक से जवाब तलब किया है।

### एक घंटे पहले टिकट वितरण का है नियम

ट्रेन के निर्धारित समय से एक घंटे पहले से टिकट वितरण का नियम है। लेकिन बुधवार रात ट्रेन आने के बाद भी कर्मचारी विंडो बंद कर टिकट न देकर आराम फरमाते रहे।

सीतापुर में केबिल कटने से काउंटर बंद था। सिर्फ एक काउंटर चल रहा था। उस पर खीरी टाउन का कर्मचारी बिक्री के लिए टिकट लेने आ गया। इसलिए कर्मचारी ने टिकट वितरण नहीं किया। **-नवनीत खत्री,** वाणिज्य अधीक्षक, रेलवे स्टेशन लखीमपुर।

### आमने सामने बाइक टकराई, तीन लोग घायल

**धौरहरा।** गुरुवार दोपहर सिसैया ढखेरवा मार्ग पर लालजीपुरवा गांव के पास लगभग दो बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे इतवारी (42) पुत्र प्यारेलाल व रत्नावली (35) पत्नी इतवारी निवासी मंगरौली व दानिश (35) पुत्र अतीउल्ला निवासी पठान वार्ड धौरहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा भेजा, डॉक्टर ने गंभीर हालत देख तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A, BCA, M.Com, M.Sc (Chemistry, Physics, Zeology, Botony, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economixs Sociology, Political Science Urdu, Eucation, History)
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder




सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777



सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दें का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


# एक बार फिर टल गई पीजीटी की परीक्षा, अभ्यर्थी मायूस

## तीन बार स्थगित हो चुकी परीक्षा का अब अगस्त में होना प्रस्तावित, जल्द पेपर होने की आस लगाए युवाओं के सपनों पर फिरा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 18 एवं 19 जून को होने वाली प्रवक्ता (पीजीटी) भर्ती परीक्षा-2022 को स्थगित कर दी है। यह परीक्षा पहली बार नहीं, बल्कि तीसरी बार कैंसिल हुई है। गत तीन साल से परीक्षा देकर नौकरी पाने की आस लगाए अभ्यर्थियों के सपनों पर पानी फिर गया है। आयोग के निर्णय से नाराज अभ्यर्थियों का कहना है कि आवेदन किए गए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन आयोग पेपर नहीं करा पा रहा। आयोग अभ्यर्थियों के अरमानों के साथ खेल रहा है।

जिले के तमाम युवाओं ने नौकरी की आस लिए 2022 में पीजीटी के लिए आवेदन किया था। इसके तहत अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में पीजीटी के 624 पदों पर भर्ती होनी है। आवेदन के बाद आयोग ने पहले 11 और 12 अप्रैल 2025 की तारीख परीक्षा कराने की तिथि प्रस्तावित की। मगर, बाद में इसे स्थगित कर 20 व 21 जून 2025 प्रस्तावित कर दिया गया।

मगर, कुछ दिन बाद फिर से इसमें संशोधन कर 18 व 19 जून कर दिया गया। मगर, मंगलवार को आयोग ने एक बार फिर पीजीटी की परीक्षा अगस्त के अंतिम सप्ताह में कराना प्रस्तावित किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा की तिथि बार-बार बढ़ने से दिक्कत होने के साथ तैयारी प्रभावित होती है। इसलिए परीक्षा तय समय पर ही करानी चाहिए।

**तीन साल से नौकरी मिलने का इंतजार कर रहे अभ्यर्थीः** अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 3539 और प्रवक्ता (पीजीटी) के 624 पदों पर भर्ती के लिए नौ जून 2022 को विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें आवेदन की अंतिम तिथि नौ जुलाई 2022 थी, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 16 जुलाई कर दिया गया। अभ्यर्थियों के अरमानों के साथ खेल रहा है। इन दोनों भर्तियों के लिए जिले के करीब चार से पांच हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।



पिछले पांच साल से गणित विषय से पीजीटी की तैयारी कर रहे सुधाकर मिश्रा ने बताया कि 18 व 19 जून को परीक्षा होने का लेकर जितनी खुशी थी, इसके स्थगित होने से उतना ही गम है। परीक्षा की तिथि आगे बढ़ने से तैयारी प्रभावित होती है।



चार साल से अंग्रेजी विषय से तैयारी कर रहीं रेखा बताती हैं कि 2022 में आवेदन किया था। यदि उसी साल परीक्षा हो जाती तो रिजल्ट घोषित होकर लोगों को नौकरी तक मिल जाती। आयोग द्वारा युवाओं के अरमानों के साथ खेल किया जा रहा है।



अंग्रेजी विषय से सात साल से तैयारी रहीं अनुरीता ने बताया कि आवेदन निकलने पर बेहद खुशी हुई थी। लेकिन परीक्षा की तिथि बार-बार हटाए जाने के चलते छात्र मायूस हो रहे हैं। परीक्षा के लिए छात्र जे तैयारी करते हैं वह प्रभावित होती है।



पांच से रसायन विज्ञान से पीजीटी परीक्षा की तैयारी कर रहे सुनील गुप्ता ने बताया कि जून में परीक्षा होने का पूरा भरोसा था। मगर, आयोग ने इसे स्थगित कर दिया। बार बार तारीख बढ़ने से तैयारी उतनी अच्छी नहीं हो पाती, जितनी बेहतर होनी चाहिए।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


# आपदा शक्ति अभियान में सशक्त बन रहे एनसीसी कैडेट्स

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/पलिया कलां



आपदा के दौरान बचाव के तरीके बताते राज्य आपदा मोचन बल के जवान। ● अमृत विचार

- राज्य आपदा मोचन बल के सेनानायक के निर्देश पर हो रहा आयोजन
- खेलकूद प्रतियोगिता कराकर विजयी प्रतियोगियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

**अमृत विचारः** राज्य आपदा मोचन बल के आपदा शक्ति अभियान के तहत पलिया स्थित 216 द इंडियन एकेडमी स्कूल में आयोजित विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। एनसीसी कैडेट्स की इंटर कंपनी ने खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर विजयी प्रतियोगियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार के निर्देश पर आपदा शक्ति अभियान के तहत वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ यूपी की प्रशिक्षित टीम 26 यूपी बटालियन एनसीसी के 450 कैडेट्स एवं 25 अधिकारी/कर्मचारी को विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। जिसमें प्राथमिक उपचार और जीवन रक्षक तकनीक, आग लगने की स्थिति में बचाव एवं नियंत्रण, भूकंप और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षित व्यवहार और आपदा के समय जन-जागरूकता और रेस्क्यू ऑपरेशन की बुनियादी जानकारी भी शामिल है।

दि इण्डियन एकेडमी स्कूल में चल रहे सीएटीसी 216 में लगभग 450 कैडेट्स को चार कंपनी अल्फा, ब्रावो, चार्ली व डेल्टा में बॉटकर विभिन्न खेलकूद की प्रतियोगिता कराई गईं। इंटर कम्पनी खेल कूद प्रतियोगिताओं का समापन कैम्प कमांडेंट कर्नल चित्रसेन ने प्रतिभागियों को संबोधित कर व मेडल पहना कर सम्मानित किया।

वर्तमान में एसडीआरएफ के पास आधुनिक उपकरणों जैसे रिमोट संचालित लाइफ बॉय, जल में चलने वाले हल्के व भारी रबराइज्ड इन्फ्लेटेबल मोटर बोट, अंडर वाटर कम्युनिकेशन सेट, केमिकल लाइट स्टिक फॉर अन्डर बाटर, अन्डर बाटर हेड लैम्प, विक्टिम लोकेटिंग कैमरा व अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। जिनकी सहायता से किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी सफल रेस्क्यू किया जा सकता है।

## करंट लगने से हुई थी साजिद की मौत

**मझगई, अमृत विचारः** थाना व कस्बा मझगईं निवासी साजिद कुरैशी की मौत करंट लगने से हुई थी। इसका खुलासा मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किया गया है।

कस्बा निवासी साजिद कुरैशी (35) का शव सरस्वती शिशु मंदिर के पास स्थित एक ट्यूबवेल के पानी भरे हौज में बरामद हुआ था। परिवार वालों ने ट्यूबवेल में लगाए गए करंट से मौत होने का दावा करते हुए हंगामा किया था और खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिसमें उसकी मौत करंट लगने से होने की पुष्टि की गई है। पुलिस छानबीन कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम रेनू मिश्रा को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, मितौली

- क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से लोगों में रोष

**अमृत विचारः** क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सपा विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र कस्ता में बड़े पैमाने पर विद्युत आपूर्ति बदहाल है। शासन की घोषणा के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे व शहरी क्षेत्र में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

चुरईपुरवा फीडर, औरंगाबाद फीडर, मितौली फीडर, नीमगांव फीडर, से संचालित गांवो की बिजली सप्लाई की समस्या गंभीर होती जा रही है। अघोषित कटौती से आम जनमानस आक्रोशित है। कुछ गांव में लो वोल्टेज के कारण बल्ब दिए की तरह जल रहे हैं। अघोषित कटौती से नौजवान के साथ किसान व्यापारी सब परेशान हैं। किसानों की फसलें सुखी जा रही है। विद्युत सप्लाई नियमित न मिलने से चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। ज्ञापन में समस्याओं का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर पॉल, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, विवेक कुमार मिश्रा, इन्द्रपाल सिंह राठौर, रामप्रसाद, रामसिंह, रामसागर, डॉ रहमत अली, गुरदीप सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, पलियाकलां



सांसद खीरी उत्कर्ष वर्मा को ज्ञापन सौंपते नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

- नगर व क्षेत्र की कई मांगें निस्तारित कराने की रखी मांग

**अमृत विचारः** पलिया पहुंचे खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा को नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों ने नगर व क्षेत्र की ज्वलंत समस्या विद्युत आपूर्ति के निदान के लिए दो बिजली मोबाइल ट्रॉली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाने व मैलानी-पलिया- नानपारा रेल लाइन पर ब्रॉड गेज रेल लाइन बिछाने सहित सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है।

सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी उन्होंने संसद में मैलानी- नानपारा रेल लाइन के ब्रॉड गेज कराए जाने व अन्य समस्याओं के संबंध में मांग रखी है। अब वे दोबारा नगर व्यापार मंडल के मांग पत्र को रेल मंत्री से स्वयं मिलकर उनके समक्ष रखेंगे और समस्या का निदान कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान जसपाल सिंह गोहनियां, श्याम आनंद, अमित महाजन, श्री कृष्ण सिंघल, राजेश कुमार गुप्ता, मोहम्मद फहीम अंसारी, गौरव अग्रवाल, युवा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आदित्य मौर्य, मनीष अरोड़ा, देवेंद्र अरोड़ा, गुरिंदर सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, जसवीर फ्लोरा, मोहम्मद फिरोज खान आदि पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## केला व्यापारी के हमलावर दो गिरफ्तार

**खमरिया, अमृत विचारः** गांव परसिया निवासी कला व्यापारी रिजवान बुधवार को गांव भैसहिया में एक खेत पर केला देखने गया था। जहां उसका खेत मालिक परमानंद उर्फ नंदू वर्मा और उसके भाई मूरतध्वज से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर दोनों भाइयों ने वहां मौजूद रामकिशुन के साथ मिलकर रिजवान की जमकर पिटाई की थी। उसके सिर, गर्दन और शरीर पर गहरे घाव हो गए थे। उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल के भाई शमशेर की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक ओपी राय ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को परमानंद उर्फ नंदू व मोरध्वज उर्फ मुरतध्वज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा गया है।

## एक नजर

### बाइक चोरी की अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव वैदाखेड़ा निवासी धर्मेश कुमार पुत्र डालचंद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह 10 जून को मोहम्मदी रोड स्थित एक सर्राफ की दुकान के सामने बाइक खड़ी कर किसी काम से चला गया। वापस आने पर बाइक वहां खड़ी नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद बाइक का कुछ पता न चलने पर उसने पुलिस में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बाइक की चाबी और कागजात उसके पास मौजूद हैं। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है।

### माधवपुरवा के घर से नकदी समेत डेढ़ लाख की चोरी

धौरहरा, अमृत विचार : कोतवाली धौरहरा के गांव माधवपुरवा मजरा रायपुर गांव नीरज वर्मा ने बताया कि चोर उसके घर के पूरब तरफ लगे आम के पेड़ से चढकर उसके मकान की छत पर आए और जीने के रास्ते घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बक्सों आदि का ताला तोड़ दिया। चोर बक्से में रखा सोने का हार एक, एक जोड़ी झुमकी, बटुला, थाली, चिमचा, साड़ी, 3200 रुपये की नगदी समेत करीब डेढ़ लाख का सामान चोरी कर ले गए। घटना की सुबह जानकारी हुई। घर में बिखरा सामान देख परिवार वालों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और परिवार वालों से घटना की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बृजेश मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 90 हजार और पांच लाख से अधिक के जेवर चोरी

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना शारदा नगर के गांव पतरासी निवासी अनिल कुमार के घर चोर घुस गए। मकान मालिक अनिल कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात किसी समय चोर उसके घर में घुस आए और सोने की चेन, 2 सोने के माला, कान के झाला, कुंडल, अगूंठी, कानो की बाली 5 जोडी पायल, नाक के फूल व कान के कांटा सोने के, तांबे व स्टील के बर्तन मोबाइल और करीब 90 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब हुई। जब वह तड़के तीन बजे छत से नीचे आए तो देखा कि गैलरी में लगा लोहे के गेट खुला था। उसमें लगा बेलन भी टूटा था। घर के तीनों कमरों में रखे बक्से भी खुले थे। उनमें रखी नगदी-जेवर आदि सब सामान गायब था. पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने फंदे से लटकर की आत्महत्या

मितौली। थाना मितौली क्षेत्र के कस्ता निवासी अमरेश मिश्रा के 30 वर्षीय बेटे संतोष का शव गुरुवार को घर के अंदर कमरे में फंदे से लटकते पाया गया। मृतक के छोटे भाई जितेन्द्र ने बताया कि अभी चार माह पहले ही संतोष की शादी हुई थी। पति-पत्नी में विवाद होता था। ऐसे में संतोष ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

# महिला से सोने की बाली उतरवा कर ले भागे ठग

## घर में सुख-शांति बनी रहने का दो युवकों ने दिया था झांसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- युवकों ने बाली निकाल कर झोले में रखवा दीं
- आंख बंद कराकर झोला लेकर हो गए चंपत

**अमृत विचार:** शहर की पुलिस चौकी मिश्राना के निकट मंगलवार की शाम दो युवकों ने एक महिला को रोक लिया। उसे घर में सुख-शांति बनी रहे। इसका झांसा देकर उसके दोनों कानों की सोने की बाली उतरवा कर भाग निकले।

शहर के मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी सावित्री पत्नी गुरबचन लाल घरेलू सामान खरीदने मेन बाजार आई थीं। मिश्राना पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर दो युवक आए और उसे रोक लिया। उससे कहा कि माता जी आप बहुत भोली हो। घर में सुख शांति बनी रहे, इसलिए अपने कान की बाली निकाल कर अपने झोले में रख कर यहीं रख दो। वह उनकी बातों में आ गईं। युवकों के कहने पर झोला रखकर वह आंख बंद कर 10 कदम आगे बढ़ीं। पीछे लौटीं तो देखा कि दोनों युवक लापता थे. उसका झोला भी नहीं था। यह देख उसके होश उड़ गए। महिला के शोर मचाने पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिसमें दोनों युवकों की फुटेज कैद हुई है। सदर कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पहले से बेची गई जमीन का सौदा कर महिला से ठगी

संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार : ईसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को पहले से विक्री की गई जमीन का दोबारा बैनामा कर आरोपियों ने 2 लाख 29 हजार रुपये ठग लिए। जब पीडिता जमीन पर कब्जा लेने पहुंची तो खुलासा हुआ। धौरहरा पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हसनपुर कटौली गांव निवासी सुधा देवी ने बताया कि आरोपी नरेंद्र कुमार मौर्या, राम मित्तर मौर्या, दिनेश मौर्या, राजू मौर्य, राजेश मौर्य निवासी कमना थाना ईसानगर उसके पास आए और अपना इंतखाब खतौनी दिखाकर गाटा संख्या 485 रकबा 0 .773 हेक्टेयर भूमि की बिक्री की बात कही। पीड़िता ने सौदा पक्का होने पर सभी को अलग-अलग चेक से 2 लाख 29 हजार का भुगतान कर दिया और आरोपियों ने उक्त भूमि का बैनामा 07 फरवरी को कराकर गेहूं की फसल कटने के बाद कब्जा कराने का वादा किया। जब गेहूं की फसल कट गई तो पीड़िता खेत पर कब्जा लेने पहुंची। तब उसे पता चला कि उस भूमि का पहले ही श्रीराम भार्गव निवासी संडौरा के नाम बैनामा आरोपियों ने कर रखा है। फर्जी इंतखाब खतौनी दिखाकर पीड़िता को दोबारा बेच कर धोखाधड़ी की है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## पिकअप से पांच पशु बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार:** थाना पलिया पुलिस ने दुधवा तिराहे के पास से एक पिकअप को पकड़कर तलाशी ली तो उसमें दो भैंस, एक पड़िया व दो पड्डे बरामद हुए। पुलिस ने मौके से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पिकअप को सीज कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

एसआई प्रेमनरायण सरोज ने बताया कि वह दुधवा तिराहे की तरफ जा रहे थे। इसी बीच दुधवा की तरफ से तेज रफ्तार पिकअप आती हुई दिखाई। जिसे पुलिस ने रोक लिया। पिकअप की तलाशी ली गई तो उसमें दो भैंस, एक पड़िया और दो पड्डे क्रूरता पूर्वक बंधे और भरे हुए थे। पुलिस ने मौके से चालक बेताब हुसैन और रज्जाक निवासी टांडा फरसहिया थाना पलिया को गिरफ्तार कर लिया। चालक के पास से दो हजार रुपये नेपाली व 650 रुपये भारतीय मुद्रा व रज्जाक के पास से 770 रुपये बरामद हुए हैं। आरोपी फरसहिया टाण्डा से पशुओं को बेचने बरेली बाजार जा रहे थे। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उठाएं लाभ

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड बी पैक्स में प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना के तहत प्रधानमंत्री प्रणाम किसान गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिला कृषि अधिकारी सत्यवीर सिंह ने कहा है कि किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाएं।

गोष्ठी समिति के सभापति सचिन शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। जिला सहकारी बैंक की सचिव अर्चना सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि अपर जिला कृषि अधिकारी सत्यवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधान मंत्री किसान फसल बीमा योजना का आरंभ कर किसानों को तोहफा दिया है। किसान खून पसीने से अपनी फसल तैयार कर अपने पाल्यों का लालन पालन, पढ़ाई लिखाई जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

फसल दैवीय आपदा के चलते फसल नष्ट हो जाती है तो आत्महत्या के अलावा कोई उपाय नहीं बचता है। इसलिए किसानों का दर्द समझ कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आरंभ 29 से 12 जून 2025 तक राष्ट्रव्यापी अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि का नवाचार किसानों के खेत तक का आरंभ किया है। इसके अलावा एडीओ कृषि नैमिश यादव, एडीओ कोआपरेटिव राम पारस प्रजापति, शाखा प्रबंधक मितौली अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम आसरे पाल, हरजेश सिंह ने कृषि संबंधी किसानों को दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अखिलेश अवस्थी, झब्बू सिंह, नवरत्न कंपनी राहुल वर्मा, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश शुक्ल, रामनरेश वर्मा, सचिव बबौना महेंद्र सिंह, आंकिक महेंद्र शुक्ला, राजन सिंह, आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में मौजूद अपर जिला कृषि अधिकारी व अन्य। • अमृत विचार

### धान की पौध तैयार, किसानों को बारिश का इंतजार

पलिया कलां, अमृत विचार : पलिया तहसील क्षेत्र में बोई गई धान की पौध तैयार हो चुकी है। किसानों को अब पानी बरसने का बेसब्री से इंतजार है। ज्येष्ठ मास की समाप्ति के साथ ही वर्षाकाल का आषाढ़ महीना प्रारंभ हो चुका है, लेकिन अभी तक बरसात शुरू नहीं हुई है। क्षेत्र के किसान आसमान में उमड़ घुमड़ रहे बादलों की तरफ आशा की नजरें लगाए हुए हैं और वह बारिश की इंतजार कर रहे हैं। ताकि वह धान की तैयार पौध की रोपाई खेतों में समय से करा सकें। किसानों ने ग्रीष्मकाल में ही खेत की जुताई के साथ मेंड़बंदी भी कर चुके हैं। फरसहिया निवासी कृषक जमुना प्रसाद पाल, देवीपुर निवासी सरदार हरजिंदर सिंह, पकरिया के फार्मर डी के श्रीवास्तव तथा थारू गांव ढकिया निवासी राम फेर राना आदि किसानों ने बताया कि उन्होंने पिछले माह धान की पौध बो दी थी, जो अब तैयार हो चुकी है। उन्हें अब बस पानी बरसने का इंतजार है ताकि वे अपने खेतों में धान की रोपाई कर सकें।

# गन्ने के खेत में मिला ग्रामीण का शव

संवाददाता, महंगापुर

- बुधवार को परसपुर साढू के घर भंडारे में शामिल होने गया था अजय
- परिवार वालों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव महंगापुर कॉलोनी चक मार्ग पर एक गन्ने के खेत में गुरुवार को 50 वर्षीय ग्रामीण का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वह बुधवार को अपने साढ़ू के घर पर आयोजित रामायण पाठ और भंडारा में शामिल होने गया था। परिवार वालों ने हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है।

पलिया कोतवाली क्षेत्र के गांव मरौचा निवासी अजय उर्फ बुद्धू (50) बुधवार शाम संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव परसपुर निवासी साढू रामसागर के घर रामायण व भंडारे में शामिल होने गए थे। परिजनों के अनुसार वह रिश्तेदारी में भंडारे में शामिल होकर रात 8 बजे घर के लिए निकल थे, लेकिन देर रात घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला।

गुरुवार शाम करीब चार बजे कुछ रिश्तेदारों ने उनकी बाइक चकमार्ग पर खड़ी देखी तो इसकी सूचना परिवार वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने जब खेत खंगाला तो गन्ने के खेत में उनका शव बरामद हुआ। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह परसपुर चौकी प्रभारी मेघनाथ यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

परिजनों के मुताबिक मृतक के शव पर चोट के निशान और फफोले पाए गए हैं। मृतक के शरीर पर महिला के वस्त्र का नग व जेब से मिले मोबाइल की लास्ट काल के आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मृतक के पुत्र ने पिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**धौरहरा, अमृत विचार:** धौरहरा-कफारा मार्ग पर एक बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती और उनकी 10 वर्षीय पुत्री घायल हो गई। पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी धौरहरा भेजा, जहां डाक्टर ने हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ईसानगर थाना क्षेत्र के जेठरा गांव निवासी सरोज कुमार (45) पत्नी सरिता देवी (42) पुत्री शिवानी (10) के साथ एक ही बाइक से बुधवार की रात करीब नौ बजे अपनी रिश्तेदारी धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के तुलसीराम पुरवा जा रहे थे। कफारा की तरफ से आ रही एक बोलेरो ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे सरोज और उसकी पत्नी सरिता और पुत्री शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें पुलिस ने धौरहरा सीएचसी भेजा, जहां डाक्टर ने तीनों के पैर टूटने की बात कहकर लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

# पथराव व फायरिंग मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिजुआ

- गांव मुड़िया हेमसिंह में बवाल का मामला

**अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मुड़िया हेमसिंह में मारपीट, पथराव और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में पांच आरोपी जेल जा चुके हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई से तमाम लोग घरों से भूमिगत हो गए हैं। उन्हें गिरफ्तारी का डर सता रहा है।

बकरीद से करीब 15 दिन पहले गांव मुड़िया हेमसिंह निवासी इमाम मोहम्मद कयूम और गांव के एक युवक के बीच विवाद हुआ था। आरोपी युवक ने इमाम को अपशब्द कहे थे। चौकी बिजुआ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

बेइज्जत किए जाने से नाराज इमाम ने इस्तीफा दे दिया था। एक पक्ष बकरीद की नमाज इमाम के पढ़ाने के पक्ष तो दूसरा विरोध में था। इसको लेकर बकरीद के एक दिन पहले शाम को पंचायत बुलाई गई थी। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट, पथराव और कई राउंड फायरिंग हुई थी।

सीओ की फटकार के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे पक्ष के 21 लोगों को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक पक्ष के मुनौवर हुसैन और दूसरे पक्ष के रहीफुल को दूसरे दिन गिरफ्तार कर राइफल व बंदूक बरामद की थी। दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। दो दिन पहले पुलिस ने गांव के ही गुड्डू उर्फ जुल्फिकार और जमाल को एक-एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

गुरुवार को पुलिस ने मटरू उर्फ सालिम को भी गिरफ्तार किया है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है। अब तक इस मामले में पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं।

# दिव्यांग यूनियन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** दिव्यांगजनों ने अपनी सात सूत्रीय समस्याओं के निदान के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है।

भारतीय दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि दिव्यांगों के पात्रता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड बनवाये जाएं। मुद्रा ऋण में प्राथमिकता आरक्षण के आधार पर ऋण दिया जाए, रोडवेज बसों में दिव्यांगों को सम्मान पूर्वक सीट दिलाई जाये। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए दिव्यांगों को अनदेखा किया जाता है, दिव्यांगजनों का काउंटर अलग से बनाया जाए ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। अधिकारी दिव्यांगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं, दिव्यांग आरक्षण के आधार पर मंडी समितियां में लाइसेंस धारी दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दिव्यांग अधिनियम 2016 जमीनी स्तर पर लागू हो ताकि दिव्यांग भाई बहनों के साथ घटनाएं न घटित हो सकें। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान न हुआ तो यूनियन के पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन डीएम कार्यालय लखीमपुर में करेंगे। ज्ञापन देते समय अमित कुमार, राजेश मौर्य, सभासद रियाजुद्दीन इदरीसी, तिलकराम वर्मा, हबीब, सर्वेश कुमार अर्कवंशी, सर्वेश कुमार, आदि मौजूद रहे।


गोला में नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारी।

## गुप्तीनाथ तीर्थ में नहाते समय युवक डूबा, मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ के गांव गौरा निवासी अमन गुप्ता (24) अपने चाचा अंकुर गुप्ता के साथ गुरुवार दोपहर बाद गुप्तीनाथ शिव मंदिर गया था। दर्शन के बाद अमन तीर्थ में नहाने लगा तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। शोर सुनकर लोग तीर्थ में कूद पड़े और उसे बाहर निकाला। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि तीर्थ स्थल के पास लगे ट्यूबवेल के पानी में नहा रहा था, पैर स्लिप होने से डूबने से मौत हुई है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# चोटी बेधक कीट से बचाव को गन्ना किसानों को किया जागरूक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल ने एकीकृत कीट प्रबन्धन, पेड़ी प्रबन्धन एवं गन्ना रकबा सर्वे हेतु मिल परिक्षेत्र के ग्राम सेमरई में प्रगितशील किसान सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में कृषक गोष्ठी हुई, जिसमें किसानों को गन्ने की फसल कीटों से बचाने के लिए जागरूक किया गया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने एकीकृत कीट प्रबन्धन से गन्ना फसल की सुरक्षा के बारे में बताया। गन्ना विकास परिषद में चल रही विभिन्न योजनाओं की व अनुदान आदि की जानकारी दी। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबन्धक पीएस चतुर्वेदी ने कृषकों को पेड़ी प्रबन्धन हेतु पेड़ी प्रबन्धन यन्त्र (आरएमडी) का प्रयोग करने की सलाह दी। फफूंदी जनित बीमारियों के लिए फफूंद नाशक प्रिज्म (थायोफेनेट मिथाइल) का स्प्रे तथा कीट नियंत्रण के लिए कीटनाशक एमिडा क्लोरप्रिड का प्रयोग करने की सलाह दी।

गन्ना प्रबन्धक सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने सबसे अधिक नुकसानदायक कीट टॉप बोरर के नियंत्रण हेतु सुपर सिक्सर, कोराजन अथवा टुवेंन्टा की ड्रैन्चिंग अवश्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर सहायक गन्ना अधिकारी रावेन्द्र कुमार, गगन अरोड़ा, नितिन बाजपेयी, प्रगतिशील कृषक रमाकान्त तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, कौशल शुक्ल, राहुल मिश्र, आदेश कुमार, अजयभान सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र पंकज व उसकी पत्नी प्रीति के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **कुंवर पाल सिंह पुत्र श्री हर पाल सिंह निवासी ग्राम फैजुल्लापुर तहसील चन्दौसी जिला सम्भल थाना कुढ फतेहगढ। हाल निवासी पटेल विहार बदायूं रोड थाना सुभाषनगर बरेली।**

सूचना
मेरी पुत्री सरगम पाठक को जन्म के बाद खुशबू पाठक (Khushbu Pathak) के नाम से पुकारा जाता था, स्कूल में प्रवेश के समय मेरी पुत्री खुशबू पाठक का नाम सरगम पाठक (Sargam Pathak) लिखवाया गया। मेरी पुत्री की जन्म तिथि त्रुटिवश विद्यालय अभिलेख में 09/06/2000 के स्थान पर 09/06/2001 दर्ज हो गई, जो आगे यथावत रही, यही जन्मतिथि आगे के सभी प्रपत्रों में अंकित है। **ब्रजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद पाठक निवास - डी/12, शास्त्री नगर, निकट सोमनाथ मंदिर, बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# उन्नत खेती के सूत्र

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

**गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।**

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी

**भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।**

गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन(गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंधः भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैः पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता हैः भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।**

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उम्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी शृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

-फेसबुक वॉल से

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### ग्रामीण को घेरकर पीटा रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम बिचपुरी के नरेश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही दिनेश कुमार और उनके भतीजों से 29 मई को कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में 30 मई की रात नौ बजे घर जा रहे थे। कचरा रोड के पास आरोपी दिनेश कुमार, मनकू, सुभाष चंद्र, अजीत कुमार ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पति समेत पांच पर एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 14 जनवरी 2024 को हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही पति ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दो माह पूर्व वह घर पर अकेली थी। तभी देवर ने आकर दुष्कर्म किया। इसका वीडियो भी बना लिया और वायरल करने की धमकी दी। जब ससुलियों को बताया तो उन्होंने पीड़िता को ही पीट दिया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला पर हमला, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर कुमिरखा निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, मुनेश, जयवीर और अजय पाल ने पुरानी रंजिश के चलते बीते दिनों उनकी मां सोमवती की पिटाई कर दी। आरोपी मुकेश ने तमंचे से फायर कर दहशत फैलाई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### शादी नहीं की तो जहर खा लूंगा

**रोजा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके रिश्तेदार संदीप लखीमपुर में रहता है। वह उसकी पुत्री से जबरन शादी का दवाब बना रहा है। आरोप है 9 जून की रात में आरोपी घर में घुस आया और उसकी पुत्री को परेशान करने लगा। उसने उसकी पुत्री से कहा कि शादी नहीं करोगी तो जहर खा लूंगा और झुठे मुकदमें फंसा दूंगा।

### खेत से पंपिंग सेट चोरी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बख्तापुर के रहने वाले पवन सिंह ने बताया कि उन्होंने गांव के पास जमीन ठेके पर ले रखी है। आठ जून को उनके खेत पर पंपिंग सेट लगा हुआ था। जिससे सिंचाई की जा रही थी। रात में अज्ञात चोर पंपिंग सेट चोरी कर लिया। गुरुवार को पवन सिंह को इसकी जानकारी लगी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 20 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और टैबलेट के साथ मिला 21 हजार का चेक

## डीएम व विधायक के हाथ सम्मान पाकर खुशी से झूमे होनहार, सीएम का कार्यक्रम भी दिखाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक योगेश वर्मा व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ सम्मानित मेधावी विद्यार्थी व अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मेधावियों को सम्मानित करने के लिए कार्यकम हुआ। इसमें यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में शामिल 20 मेधावियों को टेबलेट और 21 हजार रुपये देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मेधावियों और उनके माता पिता को लखनऊ में आयोजित सीएम योगी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने सम्मान समारोह की आवश्यकता और इसका उद्देश्य बताया। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सदर विधायक योगेश वर्मा एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की टॉप टेन सूची में शामिल 10-10 मेधावियों को सम्मानित कर हौसालाफजाई की। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। कंपटीशन के युग में स्वयं को कठिन परिश्रम के लिए तैयार करें। सफलता तभी मिलेगी।

डीएम ने कहा कि सीएम योगी के संकल्पानुसार सूबे में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं। इस तरह संपन्न परीक्षाएं न केवल योग्यता की पहचान सुनिश्चित करती हैं, बल्कि छात्रों में ईमानदारी और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। डीएम ने मेधावियों, उनके गुरुजनों और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता का आधार मेहनत, समर्पण और अनुशासन है। उन्होंने छात्रों से कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर मनचाहा मुकाम हासिल किया जा सकता है। सकारात्मक सोच के साथ सदैव बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए पूरी शिद्दत से लग जाएं।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय अंक लाकर अपने विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया है। इस दौरान जीजीआईसी की प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे, डीआईओएस कार्यालय के अश्वनी कुमार, रमसा के जिला समन्वयक विजय कुमार, उमाकांत मिश्रा, प्रेमचंद्र आदि मौजूद रहे।

## पराली जलाने पर पड़ोसी की 13 बीघा गन्ने की फसल जली

**भानपुर, अमृत विचारः** गांव महेशपुर में पराली जलाते समय भड़की आग ने पड़ोस के किसान की गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी 13 बीघा गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

गांव पड़रिया तिलकापुर निवासी राजेंद्र प्रसाद राठौर का गांव महेशापुर के पास खेत है, जिसमें करीब 13 बीघा गन्ने की फसल खड़ी थी। उसके पास में गांव घुरहा निवासी प्रताप का खेत है, जिसमें पराली पड़ी थी। किसान का आरोप है कि पड़ोसी किसान प्रताप ने अपने खेत में पड़ी पराली जलाई थी। इससे आग भड़क उठी। आग से उसका करीब 13 बीघा गन्ना पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। किसान का कहना है कि उसका करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। एसओ सुनील कुमार मलिक ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर दी गई होगी तो हल्का दरोगा जांच कर रहे होंगे। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## राइजिंग स्टार को 51 रन से हराकर हर्ष इलेवन ने जीता मैच



मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद आबिद को ट्रॉफी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर के गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कालेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को नगर की दो टीमों के मध्य फ्रेंडली मैच खेल गया। इसमें सीनियर स्टार बिलसंडा की टीम ने राइजिंग स्टार को हराकर ट्रॉफी जीत ली। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद आबिद रहे, जिन्हें इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र राय, सभासद सुनील शुक्ला, रामकिशोर प्रजापति और त्रिपुरेश गुप्ता ने ट्राफी सौंपी।

दोपहर दो बजे शुरू हुए क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर सीनियर टीम के खिलाड़ी हर्ष जायसवाल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर कुल 198 रनों का स्कोर खड़ा किया। आबिद ने सबसे ज्यादा 52 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार की टीम मात्र 147 रनों पर ही ढेर हो गई और 51 रनों से हार मिली। आबिद ने 3 ओवरों में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। इस मौके पर आयोजक सुमित जायसवाल, शुभम जायसवाल, मोहित पंडित, मुनीश कश्यप, अजीत मिश्रा, विकास जायसवाल, अंकित शर्मा, अजीत जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## साईं मंदिर में उमड़े भक्त दर्शन कर किया दान



साईंधाम में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** अषाढ़ माह की परेवा गुरुवार को अहमदनगर गांव स्थित साईं धाम मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़ ने बाबा के दर्शन, पूजन, दान पुण्य कर परिसर में कराए जा रहे भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया।

अषाढ़ धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है। इस माह में भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। दान-पुण्य से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। खुटार अहमदनगर गांव में साईं धाम मंदिर पर गुरुवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने बाबा का पूजन-अर्चन कर परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। शिव शंकर हॉस्पिटल के एमडी डॉ अनुराग पटेल एवं डॉ. अर्चना वर्मा ने मंदिर में पूजन के बाद कन्या भोज कराकर प्रसाद वितरित किया। मितौली ब्लॉक के ग्राम स्वामीदयालपुर के सरनाम सिंह कुशवाहा, उनकी पत्नी पिंकी कुशवाहा ने मनौती पूर्ण होने पर बाबा का पूजन कर कन्या भोज के बाद भंडारा कराया।

## शांतिभंग की आशंका में 100 ताजिएदारों को किया पाबंद

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** अमीर नगर, रेहरिया और मूड़ा निजाम क्षेत्र में ताजिया मेला लगता है। दर्जनों गांवों के लोग ताजिया लेकर कर्बला आते हैं। पिछले साल गांव गरदहा का ताजिया लेकर गांव वाले अमीर नगर के कर्बला शरीफ आ रहे थे। रास्ते में हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराने से युवक की मौत हो गई थी, 24 से अधिक लोग झुलस गए थे। इस हादसे को लेकर पुलिस व प्रशासन काफी सख्त नजर आ रहा है। गांव के ताजियादारों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ताजियादारों की बैठकें अलग-अलग चौकी क्षेत्रों में की गई हैं। पिछले साल की घटना को लेकर ताजियादारों को शांति बनाए रखने के उद्देश्य से न्यायालय से पांबद करने की कार्रवाई चल रही है। करीब 100 ताजिएदारों को शांतिभंग की आशंका का नोटिस तामील कराया जा रहा है।

## विधायक-डीएम ने बांटे चेक, टैबलेट व मेडल

**मेधावियों को मिला सम्मान**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांधी सभागार में मेधावी को सम्मानित करते विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने टॉपटेन में शामिल मेधावियों को चेक, टेबलेट और गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बुधवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में मेधावियों को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ स्थित लोकभवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन और प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह के प्रसारण से हुई। जनपद में छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और अधिकारियों ने इसे सभागार में संजीव देखा और सुना। मुख्यमंत्री ने यूपी के टॉपर्स को एक-एक लाख रुपये का चेक, गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र और टैबलेट प्रदान किए। इसके बाद जिले के हाईस्कूल व इंटर के 10-10 टॉपर्स को जिला स्तरीय समारोह में 21-21 हजार रुपये की धनराशि के साथ ही सम्मान स्वरूप गोल्ड मेडल, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि पीलीभीत आकांक्षी जिला है और यहां के मेधावी छात्र-छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है। कहा कि इस प्रोत्साहन राशि का उपयोग आगे की पढ़ाई में करें। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अचल कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी इंतजार खान आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पसगवां, अमृत विचारः** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चौराहे के निकट अज्ञात वाहन से टकरा कर एक युवक की मौत हो गई।



हरदोई के थाना पिहानी के ग्राम मदारीपुरवा निवासी अखिलेश पुत्र तौले अपनी ससुराल ग्राम मोहिउद्दीनपुर थाना उचौलिया आया था। गुरुवार को दोपहर बाद वह ससुराल से वापस अपने घर जा रहा था। मोहिउद्दीनपुर चौराहे पर वह पैदल था कि तभी तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पसगवां भेजा गया, जहां डॉक्टर ने अखिलेश (30) को मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे पुत्र और पुत्री हैं।

## संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत पुलिस छानबीन में जुटी

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की मौत हो गई। उसका शव परिजन के अनुसार, जब वह घर पर आए तो फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरागरसी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। किशोरी ने खुदकुशी की या फिर अन्य कोई घटना हुई, इसकी पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल कोई कारण परिजन नहीं बता सके हैं।

घटना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पतरासा कुंवरपुर की है। यहां के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद मजदूरी करते हैं। वह इन दिनों बाहर मजदूरी करने के लिए कहीं बाहर गए हुए हैं। घर पर उनकी 14 वर्षीय पुत्री धर्मवती अपने दो भाई सूरज और पुनीत के साथ रह रही थी। बताते हैं कि सूरज गुरुवार को भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए गया था। दूसरा भाई पुनीत भी कहीं चला गया। घर पर किशोरी अकेली थी। भाई सूरज के अनुसार, शाम करीब 5.50 बजे जब वह घर पहुंचा तो किशोरी का शव बरामदे में जाल के सहारे साड़ी से बने फंदे से लटका मिला। यह देख उसके होश उड़ गए। शोर पर आसपास के लोग भी जमा हो गए। शव को फंदे से उतार लिया गया।

बरखेड़ा इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए और मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। जिस स्थान पर किशोरी के फंदे से लटका मिलने की बात कही गई थी, उसकी ऊंचाई अधिक होने के चलते संदेह पर सवाल जवाब परिजन से किए गए। इस पर परिजन ने अंदेशा जताते हुए कहा कि हो सकता है कि जीने से जाकर पहले ऊंचाई पर फंदा लगाया हो। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

**गुरुवार को ही आई थी ननिहाल से**

किशोरी की मौत के बाद उसके परिवार में चीख पुकार मची हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते हैं कि मृतक धर्मवती अपनी ननिहाल ग्राम दहगला में थी। गुरुवार को ही वह अपने घर पहुंची थी। अब कुछ घंटे बाद ही उसका शव फंदे से लटका मिलने की बात भाई की ओर से कही गई है। हालांकि पुलिस जब पहुंची तो शव उतारा जा चुका था। घटना के चलते आसपास के ग्रामीण भी वजह को लेकर चर्चा करते रहे।

## टीएचआर प्लांट में गड़बड़ी की शिकायत पर गई नौकरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** टीएचआर प्लांट में गड़बड़ी होने की शिकायत करना चार महिलाओं को भारी पड़ गया। इन सब महिलाओं को जिम्मेदारों ने बाहर का रास्ता दिखाया है। हालांकि डीसी एनआरएलएम मामले की जांच कराने की बात कही है।

मितौली में टीएचआर प्लांट लगा है, जिसमे पुष्टाहार बनता है। इसमें काम करने वाली नीलम गौतम, नीरज देवी, माया देवी और सीमा ने गत दिवस शिकायत कर पुष्टाहार तैयार करने में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया था। महिलाओं का कहना है कि पुष्टाहार बनाने में रिफाइंड, दाल, चना आदि सामग्री मानक के अनुसार नहीं डाली जा रही। महिलाओं ने बताया कि शिकायत से खुन्नस खाकर प्लांट अध्यक्ष सुमन ने काम पर 20 मिनट देर से पहुंचने पर गेट में ताला लगा दिया। आरोप है कि प्लांट से कच्चा माल बचाकर हेराफेरी की जाती है।

महिलाओं ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि महिलाएं आवाज उठाती हैं तो उनको बाहर कर नई भर्ती 10 हजार रुपये लेकर कर ली जाती है। यह खेल बीएमएम कराते हैं। हालांकि इस मामले में बीएमएम आशीष दीक्षित ने आरोपों को मनगढ़ंत बताया है। आए दिन देर से आने से काम प्रभावित होता है। इसलिए सिर्फ नोटिस जारी किया है न कि काम से हटाया है। जांच में हकीकत सामने आ जाएगी।

> कुछ महिलाओं ने सीडीओ से बीएमएम मितौली पर गंभीर आरोप लगाकर शिकायत की है। इसकी जांच कराई जाएगी, जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।
> –जितेंद्र मिश्रा, डीसी एनआरएलएम।

## हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



विजयी टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार रात खेला गया, जिसमें हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी की टीम विजेता और मेडिकल एजेंसी गोला उपविजेता रही। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ विधायक ने 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार नकद देकर सम्मानित किया।

पब्लिक इंटर कॉलेज में श्री राजेंद्र गिरि स्टेडियम में खेले जा रहे 18वें गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने सुरेन्द्र साहनी, एनडी शर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत कराई।

टूर्नामेंट के फाइनल मैच में टॉस जीतकर मेडिकल एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस टूर्नामेंट का लो स्कोरिंग प्रदर्शन किया। हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी की टीम की घातक गेंदबाजी के आगे गोला मेडिकल एजेंसी टीम के खिलाड़ी कुछ खास न कर सके और टीम निर्धारित 10 ओवरों में 50 रनों का स्कोर ही बना पाई। हिन्दुस्तान ट्रांसपोर्ट कंपनी की टीम ने अच्छी गेंदबाजी के साथ ही शानदार बल्लेबाजी करते हुए मेडिकल एजेंसी गोला की टीम को हराकर गोला कप विजेता बन गई और मेडिकल एजेंसी को उप विजेता के रूप में संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट कमेटी के उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि और मंत्री केके शुक्ल ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों के साथ स्व राजेंद्र गिरि स्मारक विजेता ट्रॉफी और स्व बाबूराम अवस्थी स्मारक उप विजेता ट्रॉफी प्रदान की।

## पीटीआर सैलानियों की संख्या को लेकर इस बार भी बनाएगा कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीटीआर में शावकों संग बाघिन।



मुस्तफाबाद गेट पर सैलानियों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

- 15 नवंबर से 10 जून तक 47753 सैलानियों ने किया सैर-सपाटा
- 441 विदेशी पर्यटक भी पहुंचे, 15 जून को बंद हो जाएगा पीटीआर का पर्यटन सत्र

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भीषण गर्मी के बावजूद सैलानियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस बार टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र पिछले सत्र के अपेक्षा 10 दिन पहले ही बंद कर दिया जाएगा। टाइगर रिजर्व में 06 नवंबर से शुरू हुए पर्यटन सत्र की बात करें तो अब तक 47759 सैलानी यहां आ चुके हैं। इसमें 441 विदेशी सैलानी भी शामिल है। यह स्थिति तब है, जब पर्यटन सत्र समाप्त होने में अभी तीन दिन बाकी हैं।

तराई की तलहटी में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक सात माह के लिए संचालित किया जाता है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए बढ़ाते हुए 25 जून को बंद किया गया था। अपनी विशिष्ट जैवविविधता, बाघों को लेकर मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। इसके अलावा यहां का प्रमुख इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच ओर सप्त सरोवर देशी एवं विदेशी सैलानियों के बीच पर्यटन का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। यहां पहुंचने वाले सैलानी जंगल की हरी-भरी वादियों के बीच इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच और सप्त सरोवर की हटों में ठहरने के साथ ही जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा रहे हैं। इधर चिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद जंगल के शौकीनों का उत्साह कम होता नजर नहीं आ रहा है। अब पर्यटन सत्र समाप्ति की ओर है। ऐसे में पहली जून से टाइगर रिजर्व में लगभग रोजाना ही बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि दोनों शिफ्ट में सफारी वाहन सैलानियों की भीड़ के आगे कम पड़ रहे हैं। हालांकि अभी पर्यटन सत्र समाप्त होने पर तीन दिन का समय शेष बचा है। वन अफसरों को उम्मीद है कि शेष बचे दिनों में बड़ी तादाद में सैलानी पीटीआर पहुंचेंगे।

वर्तमान पर्यटन सत्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों की संख्या को लेकर नए कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक संचालित किया गया था। उस दौरान 53,378 सैलानी यहां पहुंचे थे। इसमें 189 विदेशी सैलानी भी शामिल थे। वहीं वर्तमान पर्यटन सत्र की बात करें तो 06 नवंबर से 10 जून तक टाइगर रिजर्व में 47,759 सैलानी पहुंचे हैं। इसके अलावा विभिन्न देशों से आए 441 विदेशी सैलानी जंगल की हरी भरी वादियों और वन्यजीवों का दीदार कर चुके हैं, जबकि पिछले पर्यटन सत्र में 15 जून तक 49,461 सैलानी यहां पहुंचे थे। पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में टाइगर रिजर्व में सैलानियों की खासी भीड़ रही है। वन अफसरों को उम्मीद है कि आने वाले सालों में पीलभीत टाइगर रिजर्व पर्यटन के लिहाज में एक प्रमुख केंद्र बिंदु बनेगा।

> शासन के निर्देशानुसार पर्यटन सत्र 15 जून को बंद कर दिया जाएगा। सैलानियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में सैलानियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है। –मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

## पडुखिया ने जीता खरवहिया क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** खरवहिया नंबर दो गांव में चल रहे स्व. विक्रम सिंह मौर्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल पडुखिया की टीम ने जीत लिया। आयोजकों की ओर से विजेता टीम को 10 हजार नकद और ट्राफी देकर सम्मानित किया। उपविजेता रही खरवहिया की टीम को पांच हजार नकद और शील्ड दी गई।

फाइनल मैच में पडुखिया टीम के कप्तान नीरज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सुनील के 51 और अहमद के 68 रनों की बदौलत पडुखिया ने निर्धारित 14 ओवर में 141 रन बनाए। जवाब में खरवहिया की टीम 13.3 ओवर में 135 रनों पर ही सिमट गई। पडुखिया की ओर से बलजीत ने 5 विकेट लिए जिन्हें मैन ऑफ दी मैच घोषित किया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खरवहिया टीम के सत्तार को मैन आफ सीरीज दिया गया। इससे पहले पडुखिया टीम ने कप्तान नीरज, अमित, राम मिलन, सलमान, साबिर, निर्मल, रितेश, आलोक, प्रदीप, विवेक, उपेंद्र आदि के हरफनमौला प्रदर्शन के दम ।पर मंझरा पूरब, भभरापुरवा और बैरिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। ग्राम प्रधान किरन मौर्य ने विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किये। अंपायरिंग की भूमिका में अरुण और इनायत अली रहे। इस मौके पर वसीम अहमद, वैभव, राकेश मौर्य, अबरार, रामप्रताप, रिजवान, मिथिलेश आदि मौजूद रहे।

## सपा के पीडीए से गायब है मुसलमान : शहाबुद्दीन रजवी

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को कहा कि आजकल समाजवादी पार्टी की पीडीए बैठकों का सिलसिला शुरू हो रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए के जरिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कामयाबी का दम भर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि इस पीडीए से मुसलमान गायब है।

अखिलेश यादव जब किसी सभा या प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हैं तो उनकी जुबान पर मुसलमान शब्द नहीं होता है। मौलाना ने कहा कि पुरानी समाजवादी पार्टी और नई समाजवादी पार्टी में बड़ा अंतर है। मुलायम सिंह यादव एक चेहरे वाले लीडर थे। वह मुसलमानों के हितैषी और हमदर्द थे। मुस्लिम धर्मगुरुओं का बड़ा सम्मान करते थे, लेकिन अखिलेश यादव बिल्कुल पलट विपरीत दिशाओं के व्यक्ति हैं। यह मुस्लिम धर्मगुरुओं का सम्मान करना नहीं जानते हैं।

# कार्रवाई का नहीं डर, हैदरी दल का एक और वीडियो वायरल

## हिजाब पहने युवती से बात करने पर एक युवक को जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हैदरी दल के सदस्यों पर पुलिस की कार्रवाई का भी कोई असर नहीं पड़ा। सोशल मीडिया पर अब दो वीडियो और पोस्ट किए हैं, जिनमें दल के कुछ लोग एक युवक को पीटते दिख रहे हैं। युवक ने हिजाब पहने युवती से बातचीत की थी। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है।

7 जून को गांधी उद्यान में हिजाब पहने युवतियों से पूछताछ करने और उनके वीडियो वायरल करने के बाद सामने आए हैदरी दल के दो सदस्यों को दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई का असर इस दल के सदस्यों पर नहीं पड़ा। बल्कि कार्रवाई के बाद इंस्टाग्राम आईडी पर एक बाद एक कई वीडियो अपलोड किए हैं। जिनमें दल के सदस्य ऐसे कार्य और बयान दे रहे हैं, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े।

### इस तरह के डाले वीडियो

इंस्टाग्राम आईडी पर हैदरी दल के सदस्यों ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें दूसरे धर्म का लड़का हिजाब पहने युवती से बात करते हुए दिख रहा है। जिस ऑटो से युवती जा रही है। उसमें भी युवक बातचीत कर रहा है। इस पर उन्होंने लिखा है बिफोर और उसी वीडियो पर लिखा है आफ्टर जिसमें हैदरी दल के कई सदस्य बातचीत करने वाले युवक को लात घूंसों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा आरोपियों ने एक बरेली शरीफ नाम से इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाई है। जिसमें लिखा है अभी तो सिर्फ हमारी पहचान बनी है बेटा, नाम तो ऐसा करेंगे कि हैदरी दल का नाम पूरी दुनिया में गूंजेगा। वहीं इंस्टाग्राम पर बनी हैदरी दल यूपी 25 नाम की आईडी पर भी पोस्ट किया गया है कि अभी तो सिर्फ पहचान बनी है, काम ऐसे करेंगे कि हैदरी दल नाम पूरी दुनिया में गूंजेगा। उसके नीचे लिखा है कि डरने की जरूरत नहीं है। ग्रुप के दोनों बंदे छूट गए हैं।

### समाज में पनप रही नफरत

लोगों का कहना है कि इस तरह के दल सोशल मीडिया पर संचालित होने गलत हैं। इससे बरेली में सांप्रदायिक सौहार्द पर असर पड़ेगा। इस तरह के दलों के सदस्यों पर पुलिस को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ये लोग दल नहीं बल्कि बरेली में नफरत के बीच वो रहे हैं। शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं।

## एक दिन बाद ही कोविड मुक्त हुआ बरेली

**बरेली, अमृत विचार:** जिला एक दिन बाद ही कोविड मुक्त हो गया है। कोराना पॉजिटिव मरीज की निजी लैब में जांच रिपोर्ट निगेटिव आ गई है। आईडीएसपी ने शासन को रिपोर्ट भेज दी है।

स्वास्थ्य विभाग को बुधवार को शहर के एजाजनगर निवासी युवक के कोरोना पॉजिटिव मिलने की सूचना मिली थी। गुरुवार को युवक ने निजी लैब से कोरोना की जांच कराकर रिपोर्ट पुराना शहर के स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को भेजी। प्रभारी ने तुरंत रिपोर्ट एनयूएचएम के नोडल अधिकारी को दी, जिसके चलते अब जिला कोविड मुक्त घोषित हो गया है। युवक पंजाब में लंबे समय से एक कंपनी में कार्य कर रहा है। वहां लक्षण होने पर 5 जून को युवक ने निजी लैब में कोरोना जांच कराई थी संक्रमित आने के बाद वह शहर लौट आया था। उसके संक्रमित होने की रिपोर्ट मिलते ही बरेली आईडीएसपी ने मरीज के नंबर पर संपर्क किया तो मरीज ने खुद को पूरनपुर का निवासी बताया और फोन स्विच ऑफ कर लिया था।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में तुष्टीकरण की जगह संतुष्टीकरण का कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बोले- अब घुसकर मारने की नीति पर चलता है भारत

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने 11 साल के कार्यकाल के दौरान तुष्टीकरण की जगह संतुष्टीकरण का काम किया है। सबका साथ सबका विकास का काम किया है। अब भारत घुसकर मारने की नीति पर चलता है, न कि चुप्पी साध लेने की।

शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह यात्रा केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सुशासन सेवा और संतुलित विकास की क्रांतिकारी पहल थी, जिसने भारत को वैश्विक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अनुच्छेद 370 को समाप्त कर भारत की अखंडता मजबूत करने का काम किया है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों के जरिए लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई हैं। काशी कॉरिडोर और राम मंदिर निर्माण जैसे सांस्कृतिक गौरव के काम हुए हैं। आपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद पर देश की जीरो टॉलरेंस नीति प्रमाणित की है। देश की जीडीपी ने जापान को पीछे छोड़ दिया और पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर हैं।


### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किला हिन्दुआ हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से मोहन सिंह पुत्र श्री जसवीर सिंह निवासी ग्राम गहलुईया परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली एक किता मकान रकबई 194.66 वर्गमीटर घरौनी नम्बर 360 वाकै ग्राम गहलुईया परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब में खाली जगह जसवीर सिंह, पश्चिम में रास्ता 12 फिट, उत्तर में रास्ता 16 फिट व दक्षिण में मकान जसवीर सिंह है, को बंधक रखकर ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति जसवीर सिंह से दानपत्र से प्राप्त हुई जिसकी रजिस्ट्री उपनिबंधक बहेड़ी, बरेली के कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7884 के पृष्ठ 353 से 380 तक क्रमांक 4378 पर दिनांक 28.04.2025 को रजिस्ट्रीकृत किया गया। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 7 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा फाईनेंस लि. बरेली के कार्यालय पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग बंगलिया**
**सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि., बरेली**
**मो. 9997389012**


खबरे www.amritvichar.com पर भी पढ़े।


### कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली वि.खं. शेरगढ़ बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली विकास खंड शेरगढ़, बरेली में निम्नलिखित कार्यो का निर्माण कार्य मनरेगा एवं राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेन्ट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 17.06.2025 अपराहन 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपराहन 03:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | अन्नपूर्णा खाद्य भंडार का निर्माण। | 8.93 लाख |

**श्रीमती रानी (ग्राम प्रधान)** **प्यारे लाल (सचिव)**


## बच्ची से दुष्कर्म और कुकर्म के दोषी को आखिरी सांस तक कैद

विधि संवाददाता, बरेली

- पचमोला की गोली दिलाने के बहाने अभियुक्त चार वर्षीय बच्ची को बाग में ले गया था

**अमृत विचार:** चार साल की बच्ची को पचमोला की गोली दिलाने के बहाने बाग में ले जाकर दुष्कर्म और कुकर्म करने के आरोपी आंवला थाना क्षेत्र निवासी ऋषिपाल (20) को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने दोषी को आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए) और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को मिलेगी। साथ ही अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत सरकार की योजना के तहत 25 हजार रुपये अतिरिक्त शारीरिक मानसिक आघात के प्रतिकर के रूप में दिये जाने का भी आदेश दिया है।

सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया था कि 11 नवंबर 2023 को तालाब के किनारे बच्चों के साथ उनकी चार साल की पुत्री खेल रही थी। जब वह तालाब की तरफ गया तो बेटी वहां नहीं थी। बच्चों से पूछा तो बताया कि बेटी को ऋषिपाल जंगल की तरफ बहला फुसलाकर ले गया। परिवार जंगल में पहुंचे तो वहां बाग में बेटी रो रही थी। ऋषिपाल उन्हें देखकर भागने लगा, जिसको पकड़कर थाने लेकर आया। घटना शाम करीब 3-4 बजे की है। पुलिस ने शुरू में छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर दुष्कर्म, कुकर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं की बढ़ोत्तरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट कोर्ट राजीव तिवारी ने बताया कि मासूम बच्ची के साथ आरोपी ने मात्र अपनी कामेच्छा की पूर्ति के लिए जघन्य अपराध किया, वह पूर्ण रूप से परिपक्व था और अच्छा बुरा जानता था। अदालत ने आरोपी को उसके कृत्य की सजा भुगतने के लिए आखिरी सांस तक कारावास का दंड देकर पीड़िता के साथ न्याय किया है।

# कंदरकी में पहले चाकू से गला रेता फिर गोली मारकर पत्नी की जान ले ली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ कुंदरकी

- मृतका की मां की तहरीर पर पति, दो देवरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

**अमृत विचार:** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में छत पर दो बेटियों के साथ सो रही पत्नी का पति ने चाकू से गला रेता फिर गोली मार हत्या कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद कर लिया है। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल निवासी मोहल्ला नुरुल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों बेटियों ने बताया कि उनके सामने पिता और चाचा ने मां की जान ली है।



अर्जुम।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव लाला टीकर निवासी अली हसन ने अपनी बेटी अंजुम की शादी शादाब निवासी गांव कैमरी जिला रामपुर के साथ की थी। वैवाहिक जीवन में अंजुम ने दो बेटियों को जन्म दिया। तीन साल पहले दंपती में विवाद के बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया। दो साल पहले अंजुम ने हफीज निवासी नुरुल्ला कुंदरकी के साथ निकाह कर लिया, लेकिन कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन रहने लगी। अब अंजुम दूसरे पति को छोड़ दो बेटियों के साथ कुंदरकी में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास एक मकान में रह रही थी। बुधवार की रात अंजुम दोनों बेटियों के साथ छत पर सो रही थी। गुरुवार को तड़के लगभग 4.30 बजे सीढ़ी लगाकर तीन लोग घर की छत पर पहुंच गए। अंजुम के पिता अली हसन के अनुसार पति हफीज, देवर खालिद और फैशल सोते समय अंजुम के मुंह को दबाते हुए चाकू से गला रेत दिया। बराबर में सो रही दोनों बेटियों ने शोर मचाने का प्रयास किया तो उन्हें डरा धमकाकर चुप कर दिया।

> मृतका की मां की शिकायती पत्र के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया जाएगा। **-सतपाल अंतिल, एसएसपी**

इसके बाद हमलावरों ने सिर के पीछे से गोली मार दी। इससे अंजुम की मौत हो गई। हमलावरों के जाने के बाद दोनों बेटियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गए। खबर मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह भी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। अधिकारियों के सामने मृतक की दोनों बेटियों ने कहा कि हमारे पापा ने हत्या की है। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त एक तमंचा और चाकू बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर शिकायती पत्र के आधार पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक: 127/न.पा.परि.पी./2025-26 दिनांक: 11.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 13-06-2025 |
| Bid Download and Upload Date | 13-06-2025 |
| Last Date & Time of Bid Submission | 19-06-2025 04:00 PM |
| Date & Time of Technical bid Opening | 19-06-2025 04:30 PM |

1. निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। तकनीकी बिड खुलने के बाद फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। नियम एवं शर्ते पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
2. निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद पीलीभीत के ऐक्सेस बैंक खाता सं. 628010100006255 आई.एफ.एस.सी. कोड UTIB0000628 NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कॉपी कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। निविदादाता जमानत धनराशि बैंक एफ.डी.आर./एन.एस.सी. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के नाम बंधक कर भी अपलोड कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत** **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**


## मिनी ट्रक में घुसी बस, 18 यात्री घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ गुन्नौर

**अमृत विचार:** गुन्नौर में कुम्हारों वाली पुलिया के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रहे मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रोडवेज बस में सवार कई जनपदों के निवासी 18 यात्री घायल हो गए। कस्बे के लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को पुलिस के साथ मिलकर बाहर निकलवाया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस व मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- बुधवार देर रात की घटना, दिल्ली से बदायूं आ रही थी अतरौली डिपो की बस

बुधवार रात करीब डेढ़ बजे दिल्ली से बदायूं आ रही अतरौली डिपो की रोडवेज बस आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर कस्बे में कुम्हारों वाली पुलिया के पास धीमी गति से चल रहे मिनी ट्रक (डीसीएम) में पीछे से जा घुसी। जिस समय हादसा हुआ उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे। हादसे में कस्बा गुन्नौर निवासी शमीम, उसकी पत्नी रूबीना और चार वर्षीय पुत्र अहद, बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र के गांव गठौना निवासी प्रवीन, अलापुर निवासी देवेंद्र पाल, पीलीभीत जिले के न्यूरिया निवासी सूरज, गाजियाबाद निवासी सुरेश चंद्र और पत्नी सुशीला देवी, बरेली के फरीदपुर निवासी लक्ष्मण और पत्नी सुखरानी, न्यूरिया निवासी फरजाना और हुमा, बहजोई निवासी हारून सहित डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए। इस दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रवीन और हारून की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया गया है कि रोडवेज की टक्कर लगने के बाद डीसीएम सड़क किनारे राजू के घर के बाहर खड़ी घोड़ा बग्घी से जा टकराई जिससे बग्घी चकनाचूर हो गई और पास में बंधी घोड़ी घायल हो गयी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

## पश्चिमी रिंग रोड ने भरी रफ्तार, 150 किसानों को पौने दो सौ करोड़ आवंटित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- झुमका तिराहे से चौबारी तक करीब 11 सौ किसानों की भूमि की जानी है अधिग्रहित
- तहसील सदर से रिपोर्ट आने पर दस्तावेज चेक कर किसानों के खाते में भेजी जा रही धनराशि

**अमृत विचार:** लखनऊ, दिल्ली के साथ बदायूं हाईवे को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे पश्चिमी रिंग रोड ने रफ्तार पकड़ ली है। जल्द निर्माण शुरू कराने के लिए झुमका तिराहे (धंतिया) से चौबारी तक फोरलेन रिंग रोड की जमीन अधिग्रहण करने के लिए किसानों को तेजी से मुआवजा बांटा जा रहा है। अब तक 150 किसानों को पौने दो सौ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

चौबारी तक करीब 11 सौ किसानों की भूमि अधिग्रहण होनी है। तकरीबन सात सौ करोड़ रुपये आवंटित किए जाने हैं। तहसील सदर से रिपोर्ट आने के बाद विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारी दस्तावेज जांचने के बाद किसानों को मुआवजा (प्रतिकर) धनराशि उनके खातों में भेज रहे हैं।

रिंग रोड का निर्माण दिल्ली-नेशनल हाईवे पर झुमका चौराहा (धंतिया गांव) के पास से नेशनल हाईवे-30 लखनऊ रोड पर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के पास तक बनेगा। पहले चरण में धंतिया से चौबारी तक रिंग रोड का निर्माण किया जाना है, इसलिए बादशाह नगर, बेहटी देह जागीर, चौबारी मुस्तकीम, धंतिया, महेशपुर ठाकुरान, महगवां उर्फ ऊंचा, रसूला चौधरी, रोंधी मुस्तकीम, सहसिया हुसैनपुर, सराय तल्फी, सराय तल्फी मुस्तकीम और सरनियां गांव की जमीनें पहले अधिग्रहण की जा रही हैं। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार रिंग रोड के लिए अधिग्रहण होने वाली भूमि पर 863 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 29.92 किमी लंबे रिंग रोड पर तीन रेलवे ओवरब्रिज, 17 अंडरपास और तीन चौराहे बनाए जाएंगे।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूं)

पत्रांक: 5928/XXIII-टैक्स-2025-26 दिनांक: 12.06.2025

**सार्वजनिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. चतुर्वेद उपाध्याय पुत्र नन्दकिशोर शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, प्रमोद इण्टर कॉलेज, सहसवान का एक आवासीय भवन जो मो. नयागंज वार्ड सं. 10 (पुरानी सं.) स्व. सुरेश चन्द्र मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य के मकान के निकट, सहसवान (बदायूं) में स्थित है। जिसकी सीमायें निम्नप्रकार हैं- पूर्व सड़क नगर पालिका बादहू मकान हरीसिंह, पश्चिम-मकान स्वर्गीय महाराज किशोर, उत्तर-सड़क नगर पालिका, दक्षिण- मकान पप्पू हैं। यह भवन पालिका जलमूल्य पंजिका में क्रमांक 429 पर दर्ज है। श्री चतुर्वेद उपाध्याय का दिनांक 07.04.1993 तथा उनकी पत्नी श्रीमती विमला उपाध्याय का दिनांक 06.06.2004 में स्वर्गवास हो चुका है। चूंकि श्री चतुर्वेद उपाध्याय का कोई पुत्र नहीं है। इसलिये उनकी तीनों पुत्रियों क्रमशः मंजुला शर्मा पत्नी सुधाकर शर्मा हा.नि. सी-324, डेल्टा-1 ग्रेटर नोएड़ा (गौतमबुद्ध नगर) इन्दु मिश्रा पत्नी प्रदीप मिश्रा हा.नि.सी- 166, सैक्टर-26 नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) तथा बिंदु शर्मा पत्नी संजीव शर्मा हा. नि. 3. दून डिवाइन कॉलोनी पीछे पार्क देहरादून द्वारा उपरोक्त भवन पर अपने संयुक्त नामों से जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने हेतु पालिका में एक प्रार्थना पत्र दि. 31.05.2025 प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में तीनों पुत्रियां उपरोक्त भवन की मालिक व काबिज है। वर्तमान में यह भवन विवादित नहीं है। उपरोक्त भवन पर पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण किये जाने संबंधित यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवन पर पालिका द्वारा जलकर-गृहकर का निर्धारण कर दिया जायेगा। तथा बाद गुजरने मियाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नोट:- उपरोक्त भवन पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली के उद्देश्य से होगा। जिसका भवन के स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। अतः आप सूचित हों।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका सहसवान (बदायूं)**


## मुसलमानों के साथ हो रही नाइंसाफी, देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर बोले- मुसलमानों पर एकतरफा की जा रही कार्रवाई

**अमृत विचार:** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने गुरुवार को सिटी स्टेशन के सामने एक मदरसे में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि मुसलमानों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। अब खामोश बैठने का समय नहीं है। रविवार को वह अपनी गिरफ्तारी देंगे।

आईएमसी प्रमुख ने कहा कि कुछ लोग आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के तलवे चाट रहे थे। उस वक्त सच्चे देश भक्त मुसलमानों पर अंग्रेजों की लाठियां चल रही थीं, लेकिन आज सच्चे हिन्दुस्तानी मुसलमान जो देश के लिए अपनी जान दे सकते हैं उन्हीं पर पुलिस की लाठियां चल रही हैं। जो गद्दार देश को लूट रहे हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौलाना ने कहा कि हमारे खिलाफ मॉब लिंचिंग हो रही है। बहन बेटियों को बेइज्जत किया जा रहा है। जब तक यह तरीका बंद नहीं किया जाता तब तक हमें आजाद रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा जो कहते हैं कि मुसलमानों का कत्ल कर दो, उनकी बहन बेटियों को बहका कर शादियां करो, नकाब खींचते हैं उन पर कार्रवाई नहीं होती। पिछले दिनों शहर के एक पार्क में मुस्लिम लड़कियों को समझाने वाले लोगों पर एकतरफा कार्रवाई कर दी गई।

## सक्रिय जीवनशैली से ही फिट रहेगा फैटी लिवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व फैटी लिवर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** फैटी लिवर तेजी से बढ़ती हुई वैश्विक महामारी है। शुरुआत में लक्षण स्पष्ट न होने से लिवर के खराब होने की जानकारी नहीं होती। दूसरे या तीसरे चरण में पहुंचने पर फैटी लिवर के लक्षण प्रतीत होते हैं। इससे पीड़ित 70 फीसदी मरीज मोटापे से ग्रसित मिलते हैं। 75 फीसदी को टाइप 2 डायबिटीज और 20-80 फीसदी हाइपरलिपिडिमिया से ग्रसित होते हैं। यह लिवर सिरोसिस से लेकर लिवर कैंसर तक की वजह बन सकता है। ये बातें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व फैटी लिवर दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहीं।

जनरल मेडिसिन विभाग की गैस्ट्रोएंटरोलॉजी यूनिट की ओर से दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में सुबह मरीजों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैंप लगाया गया और शाम को एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक व्याख्यान हुए। व्याख्यान की थीम खाना ही दवा है पर गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. वत्स गुप्ता ने दिल, डायबिटीज और अन्य गंभीर बीमारियों पर फैटी लिवर के दुष्प्रभावों को बताया। लिवर के खराब होने के चरणों की जानकारी के साथ इससे होने वाले नुकसान को भी बताया।

एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डा. श्रुति शर्मा ने मोटापा क्या है से अपना व्याख्यान शुरू किया और इसकी वजहों की भी जानकारी दी। शरीर में चर्बी के वितरण और बीएमआई से इसकी जांच पर भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज प्रजापति ने फैटी लिवर क्राइटेरिया के बारे में बताया और कहा कि शुरुआत में लक्षणों के स्पष्ट न होने से इसकी जानकारी नहीं होती और यही वजह है ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर फैटी है। ऐसे में नियमित जांच करवाना जरूरी है।

गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शिवम गुप्ता ने कहा कि सभी के उपचार में एक ही बात कॉमन है, वह है विटामिन ई का सेवन। डॉ. शिवम ने कहा कि लिवर फैटी होने पर दवाइयां तो आवश्यक हैं ही, लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है सक्रिय जीवन शैली और संतुलित खानपान। खानपान में फाइबर, प्रोटीन को बढ़ाने के साथ नियमित एक्सरसाइज से लिवर को फैटी होने से रोका जा सकता है। व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता जनरल मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. स्मिता गुप्ता ने की। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग, डॉ. शरद जौहरी, डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. विद्यानंद, डॉ. मीनाक्षी जिंदल, डॉ. हर्षित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूं)

पत्रांक: 5927/XXIII-टैक्स-2025-26 दिनांक: 12.06.2025

**सार्वजनिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका अभिलेखों (जलकर व गृहकर पंजिका) मो. नवादा वार्ड सं. 08 (पुरानी सं.) में क्रमांक 3482 पर श्री फिरासत खां पुत्र न्याज मुहम्मद मो. नवादा, सहसवान के नाम से एक आवासीय भवन दर्ज है जिसकी सीमायें निम्नप्रकार हैं पूर्व-सड़क नगर पालिका, पश्चिम-मकान बब्लू, उत्तर-डालिंग रोड तथा दक्षिण- मकान पप्पू हैं यह भवन प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय की फील्ड की पश्चिम दिशा में स्थित है। उपरोक्त भवन को श्री कफील अहमद पुत्र श्री अब्दुल वकील नि. मो. नवादा, सहसवान द्वारा श्रीमती फीरोज जहां पत्नी अब्दुल वकील नि. मौ. नवादा, सहसवान तथा श्रीमती मैमूना खातून पत्नी हसनैन मियां (तौहीद रसूल) मौ. ईसापुर नवादा हा. नि. कस्बा गंज डुन्डवारा, तह. पटियाली (कासगंज) से खरीद कर दिनांक 20.11.2024 के अन्तर्गत बैनामा करा लिया गया है। श्री कफील अहमद द्वारा पालिका अभिलेखों में श्री फिरासत खां के नाम के स्थान पर अपना नाम दर्ज करा कर अपने नाम से रसीद जारी कराने हेतु एक प्रार्थना पत्र दिनांक 10.06.2025 को पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उनका कहना है कि उपरोक्त भवन लगभग 15 वर्ष पूर्व श्री फिरासत खां द्वारा श्रीमती फीरोज जहां तथा श्रीमती मैमूना खातून पता उपरोक्त से खरीदा गया था जिसका अपूर्ण भुगतान होने की वजह से श्री फिरासत खां द्वारा बैनामा नहीं कराये जाने के उपरान्त भी भवन विक्रेताओं द्वारा भवन उपरोक्त श्री फिरासत खां को निवास हेतु दे दिया गया और इसी निवास के आधार पर जनरल सर्वे के दौरान पालिका द्वारा उपरोक्त भवन पर श्री फिरासत खां के नाम से करों का निर्धारण कर दिया गया था। उनका यह भी कहना है कि श्री फिरासत खां व उनकी पत्नी की मृत्यु उपरान्त मृतक के दोनों पुत्रों श्री मोहत्तल अली खां व आरिफ ने अपने पिता द्वारा भवन विक्रेताओं को पूर्व में दिया गया आंशिक भुगतान भवन विक्रेताओं से वापस लेकर भवन उपरोक्त विक्रेताओं को सौंप दिया है तदोपरान्त ही श्री कफील द्वारा उपरोक्त भवन को खरीद कर बैनामा कराया गया। उपरोक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत कर सकता है। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को पालिका के अभिलेखों में गृहकर-जलकर की वसूली के उद्देश्य से नामान्तरण की कार्यवाही करते हुए दर्ज कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त नामान्तरण का भवन के स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। अतः आप सूचित हों।

| क्र.. | पालिका अभिलेखों में दर्ज क्रमांक | पालिका जलकर-गृहकर पंजिका में वर्तमान में दर्ज भवन स्वामी का नाम व पता | पालिका जलकर-गृहकर पंजिका में नामान्तरण हेतु नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 01. | 3482 | श्री फिरासत खां पुत्र न्याज मुहम्मद मो. नवादा, सहसवान | श्री कफील अहमद पुत्र श्री अब्दुल वकील नि. मो. नवादा, सहसवान | बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सहसवान**
**बदायूं**

## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**



● उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

# भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**



● डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

# छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

# कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

## राष्ट्रीय

# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां– साइबर हमले या साइबर अपराध– जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा–नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

राजा रघुवंशी हत्याकांड



इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

# पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था ।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

# आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

## अभिनेता ने ली सेल्फी



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

# बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।

# एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

● 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

# बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।



कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**



● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 138 रन पर ढेर

**आईएसएसएफ विश्व कप**

**लंदन, एजेंसी**

कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।




ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को आउट करने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए, कुल बढ़त 106 रन की हुई

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी**

**138/10 (57.4 ओवर)**

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 |
| मार्को यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 |
| कागिसो रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।



# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले

● भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राहुल बोस। ● एजेंसी

● राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है। बोस ने बताया, ''मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।

रग्बी इंडिया के प्रमुख इस बात से खुश हैं कि देश में 1600 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों में से उनका महासंघ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को वित्तीय रूप से मदद करने की स्थिति में है।

## समुद्र में आग



केरल के तट से कुछ दूर सिंगापुर के जहाज में लगी आग कई दिन बाद भी बुझाई नहीं जा सकी है। जहाज में भरे विस्फोटकों में लगातार धमाके हो रहे हैं जिसकी वजह से आग और भड़कती जा रही है। एजेंसी

# आव्रजन छापों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तेज

**ऑस्टिन, एजेंसी**

- **पूरे अमेरिका में शुरू हुआ विरोध, सिएटल में आगजनी 80 से ज्यादा लोग हिरासत में**

अमेरिका में आप्रवासियों पर छापेमारी और नेशनल गार्ड के सैनिकों को लॉस एंजिलिस भेजे जाने के खिलाफ जारी प्रदर्शनों ने राष्ट्रव्यापी रूप ले लिया है और ये सप्ताहांत तक जारी रहने की आशंका है। आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंसी के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि वे आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत शनिवार को वाशिंगटन डीसी में ट्रंप की निर्धारित सैन्य परेड के समय देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि आप्रवासियों के खिलाफ छापेमारी और निर्वासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

बुधवार शाम सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सिएटल में एक संघीय इमारत की ओर मार्च किया, जहां आव्रजन मामलों की सुनवाई होती है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पास में एक डंपर को घसीटकर उसमें आग लगा दी। न्यूयॉर्क शहर में पुलिस ने मंगलवार शाम और बुधवार सुबह लोअर मैनहट्टन के फोले स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन के दौरान 80 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस का अनुमान है कि लगभग 2,500 लोग इसमें शामिल हुए। इसी तरह न्यूयॉर्क सिटी, सेंट एंटोनियो, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रैंसिस्को, शिकागो, डेनवर और स्पोकेन में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

### सेना ने अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू किया

अमेरिका के सैनिकों ने हाल में देश की दक्षिणी सीमा पर घोषित किए गए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है जिससे साफ है कि कानूनी कार्रवाई में सेना का दखल बढ़ रहा है। प्राधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल चैड कैंपबेल ने बताया कि पिछले सप्ताह सैनिकों ने न्यू मैक्सिको में सांता टेरेसा के पास एक राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में तीन अप्रवासियों को हिरासत में लिया। इन अप्रवासियों को तुरंत अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### इमरान की जमानत अर्जी पर सुनवाई की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने 19 करोड़ पाउंड के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका पर सुनवाई तथा जल्द रिहाई की उम्मीद जताई है। इमरान और बुशरा की रिहाई के मामले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के सदस्य मोहम्मद आरिफ के छुट्टी पर जाने के कारण रद्द करने के साथ मामले को वाद सूची से हटा दिया गया। तहरीक के सदस्यों की मांग पर अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है।

### दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से 57 लोगों की मौत

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है, बृहस्पतिवार को आपदा स्थल का दौरा करने वाले एक मंत्री ने यह जानकारी दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी दक्षिण अफ्रीका के मथाथा शहर के आसपास आई बाढ़ एक वास्तविक आपदा और तबाही है, क्योंकि हमारे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई।

### ऑस्ट्रेलिया: मानव तस्करी में महिला गिरफ्तार

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में स्थित देश पापुआ न्यू गिनी के छात्रों को छात्रवृत्ति का लालच देकर उनका शोषण करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस कहा, गिरफ्तार महिला (56) के पास ऑस्ट्रेलिया और नाइजीरिया की दोहरी नागरिकता है। पापुआ न्यू गिनी से यहां हवाई अड्डा पहुंचते ही बुधवार को उसे गिरफ्तार किया गया। उस पर 31 आरोप लगाए गए हैं, जिनमें चार मानव तस्करी, 14 धोखाधड़ी से काम के लिए भर्ती और 13 कर्ज़दार बनाने के हैं।

### धोखाधड़ी पर भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर 10 लाख डॉलर की ठगी के जुर्म में भारतीय मूल के व्यक्ति को छह साल से अधिक अवधि की जेल की सजा सुनाई गई है। न्यू जर्सी के निवासी 33 वर्षीय प्रणव पटेल ने धोखाधड़ी की योजना के तहत अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच 17 लाख अमेरिकी डालर की धोखाधड़ी की। उसने पिछले साल दिसंबर में अपना अपराध स्वीकार किया और बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश विलियम जंग ने उसे धनशोधन की साजिश रचने के लिए छह साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी का अलर्ट इरान पर हमले की तैयारी में इजराइल

## इरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने की मंशा से की है पूरी तैयारी

**वाशिंगटन,एजेंसी**

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।





### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी।

### ईरान पर इजराइल का हमला हो सकता है : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर इजराइल का हमला आसन्न नहीं है, लेकिन ऐसा हो सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि हमला हो सकता है। ट्रंप ने चिंता जताई कि अगर ईरान समझौते पर बातचीत नहीं करता है, तो पश्चिम एशिया में बड़े पैमाने पर संघर्ष छिड़ सकता है।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगी और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरान: आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है । इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुनः लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया जताई कि वह एक सुरक्षित स्थान पर नई संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उधर, राजनयिकों ने बताया कि आईएईए के शासी निकाय के 19 सदस्य देशों ने वियना में एक बैठक में प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। रूस, चीन और बुर्किना फासो ने इसका विरोध किया जबकि 11 सदस्यों ने वोट नहीं दिया।

# हत्या के लिए क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दे सकते हैं या नहीं, कोर्ट करेगा विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले से उत्पन्न याचिका पर सुप्रीम सुनवाई**

उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को इस मसले पर विचार करने के लिए राजी हो गया कि हत्या के अपराध के लिए दो बार दोषी ठहराए गए किसी एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दी जा सकती है या नहीं।

यह मुद्दा तब उठा जब पीठ 2010 के दोहरे हत्याकांड के मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से 2015 में दिये गए फैसले से उत्पन्न एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ को पता चला कि जुलाई 2016 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि कई हत्याओं या उम्रकैद की सजा के प्रावधान वाले अन्य अपराधों के लिए उम्रकैद की कई सजाएं दी जा सकती हैं, लेकिन उन्हें क्रमिक रूप से चलाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

पीठ ने कहा, यह पता लगाने तक सीमित नोटिस जारी किया गया है कि क्या धारा 302 के तहत सजा दिये जाने के योग्य अपराधों के लिए दो बार दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा देना संविधान पीठ के फैसले में की गई टिप्पणियों के मद्देनजर वैध है। हाईकोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या के लिए दोषी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि आजीवन कारावास, प्राकृतिक जीवन की अंतिम सांस तक कारावास की सजा है और इस तरह, उम्रकैद की दो सजा देना एक तरह से अनावश्यक है।

### जर्मन रक्षामंत्री सैन्य मदद पर चर्चा के लिए यूक्रेन पहुंचे

**कीव।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा के लिए राजधानी कीव पहुंचे हैं। जर्मन न्यूज पोर्टल टैगेसशाऊ की रिपोर्ट के अनुसार पिस्टोरियस बातचीत के लिए यूक्रेन आए हैं और यूक्रेन की स्थिति का जायजा लेने के बाद आगे की सैन्य सहायता पर चर्चा करेंगे। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति संघर्ष के समाधान में बाधा डालना और नाटो देश का सीधे तौर पर इसमें शामिल होना बताया हैं। विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियार भेज रहा कोई भी देश रूस के लिए वैध निशाना होगा।

## रूस में नवलनी के करीबी सहयोगी को सुनाई गई 18 साल जेल की सजा

**मॉस्को।** रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है।

रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

# हसीना ने किया यूनुस की अवैध सरकार के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का आग्रह

**ढाका, एजेंसी**

बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से लोगों के साथ खड़े होने, उन्हें एकजुट करने और "षड्यंत्रकारी और गुंडागर्दी करने वाले", मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली "अवैध" अंतरिम सरकार को हटाने के लिए एक मजबूत आंदोलन शुरू करने का आग्रह किया है।

अपने नवीनतम ऑडियो संदेश में 77 वर्षीय अवामी लीग अध्यक्ष ने यूनुस, उनके सहयोगियों और छात्र समन्वयकों को अपराधी कहा और उन पर सार्वजनिक धन की लूट, अवामी लीग के सदस्यों की हत्या और उनके घरों और व्यवसायों को लूटने का आरोप लगाया। पार्टी की मीडिया एजेंसी डेली रिपब्लिक की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित भेदभाव विरोधी आंदोलन के नेता अब विडंबना यह है कि देश भर में भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं, इस्लामी चरमपंथ के बड़े पैमाने पर उदय को बढ़ावा दे रहे हैं और इसके राजनीतिक ताने-बाने को नष्ट कर रहे हैं।

शेख हसीना ने कहा कि आरक्षण विरोधी आंदोलन 15 जुलाई तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला करना, सरकारी इमारतों में आग लगाना और सड़कें अवरूद्ध करना शुरू कर दिया। उन्होंने एसएडी सदस्यों पर पुलिस और सैन्य कर्मियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए, घरेलू सुरक्षा में अपने प्रशासन के दौरान जान-माल की सुरक्षा के लिए उठाये गये आवश्यक कामों को उजागर किया।

उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी पर लूटपाट और आतंकवाद में शामिल होने एवं हत्याओं और टेंडन काटने का आरोप लगाया साथ ही जमात-ए-इस्लामी की निंदा की। शेख हसीना ने दृढ़ता से कहा कि वह कभी भी देश को विदेशियों को बेचने के लिए सहमत नहीं थीं। उन्होंने कहा कि वह कभी भी देश के सेंट मार्टिन द्वीप को बेचने या बंगाल की खाड़ी में सैन्य अड्डे की अनुमति देने के लिए सहमत नहीं हुईं, उन्होंने कहा मैं 2001 में सत्ता में आ सकती थी अगर मैं गैस बेचने के लिए सहमत होती।

### भारत के साथ अच्छे संबंध चाहता है बांग्लादेश: यूनुस

**लंदन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती रही, लेकिन हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। बुधवार को लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप सहित कई मुद्दों पर बात की। मैडॉक्स ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया और मामले पर ताजा जानकारी के बारे में पूछा। यूनुस ने कहा, यह जारी रहेगा, हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया बहुत कानूनी, बहुत उचित हो। हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध बनाना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की बुनियादी समस्या हो।

## भारतीय मूल के डॉक्टर अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के चिकित्सक बॉबी मुक्कमला को अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) का 180वां अध्यक्ष बनाया गया है और वह इस संस्था की अगुवाई करने वाले भारतीय मूल के पहले चिकित्सक बन गए हैं।

एसोसिएशन के एक बयान के अनुसार कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ मुक्कमला ने मंगलवार को पद की शपथ ली। वह काफी समय से एएमए में सक्रिय रहे हैं। पिछले साल नवंबर को उनके मस्तिष्क में आठ सेंटीमीटर आकार के ट्यूमर का पता लगा था। बयान में उनके हवाले से कहा गया, कुछ महीने पहले, मुझे नहीं पता था कि वो रात कट भी पाएगी या नहीं। उन्होंने अपने गृहनगर फ्लिंट, मिशिगन में जल संकट से निपटने के उपायों में केंद्रीय भूमिका निभाई, जहां उनके माता-पिता 1970 की शुरुआत में भारत से आकर बस गए थे। दो अप्रवासी चिकित्सक माता पिता की संतान डॉ. मुक्कमला को चिकित्सा क्षेत्र में जाने और अपने गृहनगर फ्लिंट में लौटकर स्थानीय लोगों की सेवा करने की प्रेरणा मिली।

# संयुक्त राष्ट्र ने हैती में बढ़ते विस्थापन पर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- **दिसंबर 2024 से विस्थापितों की संख्या 24 प्रतिशत बढ़ी**

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय संगठनों ने हैती में बढ़ती हिंसा के कारण आंतरिक विस्थापन में बड़े पैमाने पर हो रही वृद्धि पर चिंता जतायी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाले से बुधवार को बताया कि हैती में अब तक लगभग 13 लाख लोग हिंसा की वजह सेविस्थापित हो चुके हैं।

यह विस्थापित लोगों की तादाद में दिसंबर 2024 से 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह आंकड़ा अब तक का सबसे अधिक है। राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस हिंसा का मुख्य केंद्र बना हुआ है, लेकिन यह संकट अब केन्द्र और आर्टिबोनाइट जैसे अन्य क्षेत्रों में भी फैल गया है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापित लोगों की संख्या कुछ ही महीनों में 68 हजार से बढ़कर 1.45 लाख हो गयी है। आर्टिबोनाइट क्षेत्र में दिसंबर 2024 से अब तक 90 हजार से अधिक लोग घर छोड़ चुके हैं, जबकि उत्तरी विभाग में विस्थापन में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है।

संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि विस्थापित परिवारों को अस्थायी शिविरों या भीड़भाड़ वाले घरों में रहना पड़ रहा है, जहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। दिसंबर 2024 से, अब तक स्वतः बने विस्थापन स्थलों की संख्या 142 से बढ़कर 246 हो गयी है, जिनमें सबसे बड़ी वृद्धि सेंटर डिपार्टमेंट में हुयी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 83 प्रतिशत विस्थापित लोग परिवारों के पास रह रहे हैं, जिससे पहले से ही कमजोर ग्रामीण समुदायों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

आईओएम ने पोर्ट-ओ-प्रिंस के महानगरीय क्षेत्र में राहत कार्य तेज कर दिये हैं। अब तक 20 हजार से अधिक लोगों को जरूरी घरेलू सामान, 30 लाख लीटर साफ पानी और छह हजार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई हैं।

## हमास का इजराइल समर्थित 12 लड़ाकों को मारने का दावा

**काहिरा।** हमास संचालित पुलिस बल की एक इकाई ने बृहस्पतिवार तड़के गाजा पट्टी में इज़राइल-समर्थित एक मिलिशिया के 12 सदस्यों को हिरासत में लेने के बाद मार डालने का दावा किया है।

इस घटना से कुछ घंटे पहले इजराइल समर्थित एक सहायता संगठन ने आरोप लगाया कि हमास ने उसके फलस्तीनी कर्मचारियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए। यासिर अबू शबाब के नेतृत्व वाली मिलिशिया ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने हमास पर हमला कर पांच चरमपंथियों को मार गिराया, लेकिन अपने नुकसान का ज़िक्र नहीं किया।

साथ ही, मिलिशिया ने हमास पर सहायता कर्मियों को हिरासत में लेने और उनकी हत्या करने का भी आरोप लगाया। हमले में मारे गए लोगों की पहचान और हमलों को लेकर दावों और प्रतिदावों की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकी है। इजराइली सेना ने गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन के इस घटना से जुड़े बयान को अपने सोशल मीडिया पर साझा किया है।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया । अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

# अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

**तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी**

- **पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित**

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।